संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़ें .......
02 जनवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 95
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### राज्य में चार दिनों तक छाया रहेगा कोहरा

**रांची ।** झारखंड में न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आई है। बुधवार को सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरने के लिए मजबूर कर दिया है। अगले चार दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 08.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# नववर्ष को लेकर बाबा मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नव वर्ष के आज पहले दिन की वजह से आज के दिन की महत्ता बढ़ जाती है। ऐसे में नव वर्ष को लेकर बाबा मंदिर में होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर डीसी विशाल सागर अहले सुबह बाबा मंदिर पहुच कर विधि व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे डीसी विशाल सागर ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए चल रही गतिविधियों आदि का जायज लिया। साथ ही मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में सुलभ जलार्पण



को लेकर की गई व्यस्थाओं का डीसी ने जायजा लिया। आगे डीसी ने बाबा मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया, ताकि मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर मंदिर प्रांगण में क्राउड मैनेजमेंट के अलावा कतारबद्ध जलार्पण को लेकर बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए सुगम व सुरक्षित जलार्पण हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

## नववर्ष पर फूलों से सजा बाबा बासुकीनाथ मंदिर, 1.20 लाख श्रद्धालुओं ने की पूजा

**जरमुंडी ।** नए साल के प्रथम दिन बुधवार को प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में स्पर्श पूजा के लिए श्रद्धालुओं का जनशैलाब उमड़ा। नव वर्ष के उपलक्ष पर बुधवार को बाबा बासुकीनाथ मंदिर 2:30 बजे रात्रि को खोला गया । नववर्ष पर तड़के सुबह से ही भक्तों की भीड़ स्पर्श पूजा के लिए लगी रही। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा बासुकीनाथ का जलार्पण किया। नववर्ष पर देश के विभिन्न स्थानों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे।



## झारखंड में नये साल में घूमने के लिये दार्शनिक व पर्यटन स्थल



रजरप्पा मंदिर



देवड़ी मंदिर



भद्रकाली मंदिर,इटखोरी



जोन्हा फॉल



हुंडरु फॉल



दशम फॉल

## खरसावां रेयाक् शहीद स्मारक आदिवासी गातांक् रेनकोवाक् संघर्ष आर शहादत रेयाक् चिन्हा़ काना : सिरा़मंत्री



**खोबोरिया**

**रांची।** सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ खरसावां गोलीकांड रेयाक् 77धावाक् बरसी रे सरायकेला-खरसावां जिला रेयाक् खरसावां रे मेनाक् शहीद पार्क रे शहीद स्मारक (बरसी बेदी) आर वीर शहीद केरसे मुंडा चौक रेयाक् मायाम गोहा़वाकानको मुठा़न रे बाहामालाआराव कातेक् अमर वीर मायाम गोहा़वाकानको मो़ने ओ़न्तो़र खो़नको उयहा़र आंजलेकेत्को़आ। सिरा़मत्री दो़य मेन केदा जे खरसावां रेयाक् मायाम गोहा़वाकान स्मारक आदिवासी दो़लकोवाक् हो़क आरअधिकार बाबो़त रे संघर्ष आर मायाम गोहा़वाकान रेयाक् उपरूम काना।

आबो रेन आ़दिवासी आर मूलवासीकोवाक् जियो़न दो़ जावगे संघर्षआन ताहेंकाना। नोकोवाक् संघर्ष ते आर मायाम गोहा़वाकानइया़ते गे तेहेञ आबो़वाक् ओपरो़म मेनाक्आ। आबोवाक् नोआ मायामगोहा़वाकान जायगा दो़ जावगे आबो ला़गित् ते डाहारे उदुक् आबोना।सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा जे आदिवासी दो़ल दो़ जावगे सिरजो़न सांवते जो़ड़ाव मेनाक्कोआ। बिर-बुरू आर जुमी-जायगा दो़ बाञ्चाव ला़गित् ओनको दो़ एहो़प् खो़न गे रेपेच्कान ताहेंना। तेहेञ जुदी सिरजो़नसांव जो़ड़ाव ते आदिवासी दो़लकोवाक् हुदा़ चिन्हा़ रे चालाक् तुलुच्ओना रेयाक् पांजाक् कान ते सिरजो़न मुहिम आर पर्यावरण रा़खी-जो़गाव खा़तिर इना़क् को़स्टो़ बाङ होयकोता़कोआ।सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा जे खरसावां गोलीकांड रेन मायाम गोहा़वाकानको मान-मो़नो़त रे बेनाव आकान शहीद स्मारक दो़ मो़ंज तेलाहान्ती ला़गित् ते कुरूमुटू रे मेनाया। तेहेञ नोन्डे सिंरा़मत्री विधायक आर उपायुक्त सो़ंगे दुपुड़ुप् रे उनी दो़ नोन्डे हिजुक्कान भो़कतो़को ला़गित् मो़ज ते बेबो़सता सांवते लाहान्ती रेयाक् नावां योजना रेयाक् फयलाव का़मी योजना बेनाव रेयाक्ए बातलाव केदा।

## युवक ने पिता के साथ मिलकर की मां व चार बहनों की हत्या

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के होटल शरणजीत में एक युवक ने अपने पिता के साथ मिलकर परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी। आगरा जिले के निवासी आरोपित ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने बताया कि मोहल्ले वाले इनके परिवार को परेशान कर रहे थे। इसको डर था कि अगर इसे कुछ हो गया तो इनकी मां और बहन का क्या होगा, इसलिए इसने उनको मार देने का फ़ैसला किया।

पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपित अरशद आगरा जिले के इस्लामनगर में पिता बदर, मां अस्मा, बहनों- आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा ( 16) और रहमीन (18) के साथ रहता है। वह मोहल्ले वालों को यह बताकर घर से निकला था कि अजमेर जा रहा है।



30 दिसंबर को यह सभी लखनऊ आये और नाका इलाके में बने होटल शरणजीत में कमरा 109 में रह रहे थे। अरशद ने नये साल के पहले दिन एक जनवरी को अपने पिता के साथ मिलकर मां और चारों बहनों की हत्या कर दी। बकायदा इसने एक वीडियो बनाया है, जिसमें उसने अपने परिवार को मारने की बात स्वीकार किया है। पुलिस उस वीडियो को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

## नए साल की पहली कैबिनेट किसानों के नाम, फसल बीमा योजना के लिए बढ़ाई धनराशि



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** नए साल के पहले दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जो किसानों को समर्पित रही। इस बैठक में मोदी सरकार ने देश के किसानों के लिए दो बड़े फैसले लिये। फसल बीमा योजना के आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी गई।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से 2025-26 तक देशभर के किसानों के लिए गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी। इसके अलावा योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावों की गणना तथा निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस कोष का उपयोग योजना के तहत प्रौद्योगिकी पहलों जैसे यस-टेक, विंड्स आदि के साथ-साथ अनुसंधान और विकास अध्ययनों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमानों के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत भार के साथ रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकी उपयोग की जाती है। वर्तमान में 9 प्रमुख राज्य इसे लागू कर रहे हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक शामिल हैं।

### सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : मोदी



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 की पहली कैबिनेट में लिए गए प्रमुख निर्णयों के आलोक में बुधवार को दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे देश का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 की पहली कैबिनेट हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डाय-अमोनियम फॉस्फेट पर एकमुश्त विशेष पैकेज बढ़ाने के कैबिनेट के फैसले से हमारे किसानों को किफायती कीमतों पर डीएपी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## हजारीबाग : कुएं में डूबने से पांच की मौत

**संवाददाता**

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में बुधवार को कुएं में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। घटना चरही के चुरचू प्रखंड स्थित सरबहा गांव में हुई। एक युवक अपनी पत्नी से विवाद के बाद बाइक सहित कुएं में कूद गया। इससे उसकी मौत हो गई। इधर, उसे बचाने के लिए चार लोग कुएं में उतरे और उनकी भी जान चली गई।

मृतकों में सुंदर करमाली, राहुल करमाली, सूरज भुइयां, विनय करमाली और पंकज करमाली शामिल है। विनय करमाली और पंकज करमाली सगे भाई हैं। वहीं, राहुल करमाली अपने घर का इकलौता चिराग था। सुंदर करमाली गुस्से में बाइक से निकला था। सभी की उम्र 25 से 28 वर्ष के बीच की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुंदर का अपनी पत्नी रूपा करमाली के साथ किसी बात पर विवाद हुआ। इसके बाद सुंदर गुस्से में बाइक लेकर निकला और सीधे कुएं में गाड़ी समेत कूद गया। इसी कुएं में एक-एक कर पांच लोगों की मौत हो



गई। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास रहने वाले राहुल, सूरज, विनय और पंकज कुएं में उतरे पर वो भी डूब गए। एक साथ पांच मौत होने से गांव में अफरातफरी मच गई। फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को बाहर निकालने के लिए कुएं के पानी को मोटर से बाहर निकालना पड़ा।

## भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारत और पाकिस्तान ने तीन दशक से ज्यादा पुराने एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का बुधवार को आदान-प्रदान किया. विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने संबंधी एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ. इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक माध्यम से सूची का आदान-प्रदान एक साथ किया गया. मंत्रालय ने कहा। ''भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक माध्यम से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया. इस सूची का आदान-प्रदान कश्मीर मुद्दे के साथ-साथ सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में गतिरोध के बीच हुआ है. समझौते पर 31 दिसंबर। 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी। 1991 को यह लागू हुआ. समझौते के तहत दोनों देशों के बीच। हर वर्ष की पहली जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के बारे में एक-दूसरे को सूचित करने का प्रावधान है. विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये
santalexpress.com
पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.............

### इंजीनियरिंग के छात्र ने की माता-पिता हत्या की

**नागपुर ।** महाराष्ट्र के नागपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने अपने माता-पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ऐसी आशंका है कि छात्र की शिक्षा और करियर को लेकर माता-पिता से मतभेद होने के कारण उसने यह कदम उठाया। एक अधिकारी ने बताया कि नागपुर के कपिल नगर इलाके में 26 दिसंबर को आरोपी उत्कर्ष ढकोले (25) ने अपने माता-पिता की हत्या की।

# नये वर्ष में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत

## गुमला में तीन,लातेहार में तीन, खूंटी में दो, पूर्वी सिंहभूम में तीन, देवघर में दो लोगों की हुई मौत

**संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया परमेश्वर दयाल रोड के पास बुधवार अहले सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ नए वर्ष का जश्न मना कर वापस लौट रहे थे। मृतक की पहचान 25 वर्षीय नीरज रजक और 22 वर्षीय नीतिश कुमार के रूप में हुई है।

### गुमला : सड़क हादसे में तीन की मौत

**गुमला ।** जिले के बसिया थाना क्षेत्र के तहत कोयल नदी पुल के निकट बुधवार को एक सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोलंगबिरा पखनाटोली निवासी हेमंत लकड़ा (20) अपने दोस्त अंकित पन्ना (18) कुनकुरी जुमरकेला बरटोली छत्तीसगढ़ निवासी के साथ बसिया की ओर आ रहा था । तभी कोयल नदी पुल के निकट रांची की और जा रही एक टेलर को ओवरटेक करने के क्रम में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस कारण हेमंत लकड़ा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सदर अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने अंकित पन्ना को भी मृत घोषित कर दिया। जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत डोम्बा - डाड़हा मुख्य मार्ग पर नए साल के अहले सुबह भरनो-करंज थाना क्षेत्र के बोर्डर स्थित दतिया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई।

### लातेहार : बोलेरो और बाइक की टक्कर में तीन की मौत

**लातेहार ।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत डिग्री कॉलेज के पास



बुधवार को मोटरसाइकिल और बोलेरो की सीधी टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। फिलहाल, मृत युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीनों युवक जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक बोलेरो से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही तीनों युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस युवकों को एंबुलेंस से अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### नव वर्ष के दिन सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**खूंटी ।** आंग्ल नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को दो बाइकों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गयी। जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के पंजाबी कोठी पुल के मोड़ के पास बुधवार को बुलेट(जेएच01ईपी 7162) और होंडा साइन(जेएच 01बीसी 1827) के बीच हुई सीधी टक्कर में होंडा साइन पर सवार सोएब भुइयां ( 25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बुलेट पर सवार सुधांशु कुमार जयसवाल(20 ) की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।

### कार पेड़ से टकराई, दो की मौत, एक घायल

**पूर्वी सिंहभूम ।** नए साल के जश्न में कार से घूम रहे युवकों की कार मंगलवार की देर रात टेल्को में पेड़ से टकरा गयी। इसमें दो की मौत होगयी जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल का इलाज टीएमएच में चल रहा है। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके परखच्चे उड़ गए। दुघटना टेल्को थाना क्षेत्र के सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम के पास हुई। कार के पेड़ से टकराने से आगे बैठे 2 युवकों की की मौके पर ही मौत हो गई। कार की पिछली सीट पर बैठे एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। मृतकों में एक की उम्र 20 और दूसरे की 23 वर्ष थी।

### बाइक सवार ने पेड़ में मारी टक्कर, मौत

पूर्वी सिंहभूम । पोटका थाना क्षेत्र के हेंसलबील में बाइक सवार ने पेड़ में टक्कर मार दी। इससे बाइक चालक की मौत हो गई। बाइक पर बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अर्जुन कैवर्त (34) और घायल की पहचान भीम थापा के रूप में हुई है।

## पीडीएस राशन के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लाइन, सरकार कर रही नई व्यवस्था

**रांची।** जन वितरण प्रणाली दुकानों में अनाज लेने के लिए लाभुकों को जल्द ही लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। विशेषकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लाभुकों को कई समस्याओं से निजात मिल जाएगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि 25 हजार पीडीएस डीलरों के हाथों में जल्द ही 4जी इलेक्ट्रॉनिक पाइंट ऑफ सेल (ई-पॉस) मशीन उपलब्ध होगी। फिलहाल डीलर 2जी आधारित ई-पॉस मशीन से अनाज का वितरण कर रहे हैं। इससे लाभुकों सहित डीलरों को कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग जल्द ही इसके लिए टेंडर कराएगा। टेंडर प्रक्रिया क्या होगी, इसके लिए विभाग एक प्रस्ताव तैयार कर उसे कैबिनेट से स्वीकृत कराएगा। टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने वाली एजेंसियों को मशीन मेंटेनेंस का सर्विस भी देना होगा। फिलहाल 2.84 करोड़ लाभुक ले रहे राशन का लाभ, सबसे अधिक डीलर रांची जिला में राज्य में फिलहाल 2.84 करोड़ लाभुक राशन सुविधा का लाभ ले रहे हैं। इसमें 2.64 करोड़ (2,63,99,111) लाभुक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आच्छादित है। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बने ग्रीन राशन कार्ड धारक की संख्या 20.29 लाख (20,29,345) है।पूर्ववर्ती चंपाई सरकार में 4जी ई-पॉस मशीन की मिल चुकी है स्वीकृति बता दें कि पूर्ववर्ती चंपाई सोरेन सरकार के कार्यकाल में 23 फरवरी 2024 को हुई कैबिनेट बैठक में फोर जी ई-पॉस मशीन लगाने का निर्णय लिया गया था। पीडीएस कम्प्यूटरीकरण योजना अंतर्गत खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए उपयोग में लाए जाने वाले 2जी नेटवर्क आधारित ई-पॉस मशीन की जगह ।

## राज्य में छाया रहेगा कोहरा, ठंड में हुई वृद्धि



**रांची ।** झारखंड में न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आई है। बुधवार को सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरने के लिए मजबूर कर दिया है। अगले चार दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 08.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेंटीग्रेड गुमला में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 25.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा।

## गिद्दी सी परियोजना में नया हॉलपेक का किया उद्घाटन

**हजारीबाग ।** गिद्दी सी परियोजना में बुधवार को एक नया हॉलपेक का उद्घाटन किया गया। अरगड्डा क्षेत्र के एसओएक्स संजय कुमार सिंह, गिद्दी सी पीओ जतेंद्र कुमार ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर हॉलपेक का उद्धघाटन किया। इसके पहले बद्रीनाथ पांडेय ने पूजा अर्चना कराया। पीओ जितेंद्र कुमार ने बताया नया हॉलपेक के उद्घाटन किए जाने से परियोजना के उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा हॉलपेक आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लैस है। इसकी कीमत 3 करोड़ 52 लाख और 60 टन क्षमता है। इस अवसर पर मैनेजर राम आशीष राम, दिनेश मालाकार, राजेश कुलाबी, आरके ठाकुर, अनिल कुमार, सर्वेश्वर हेम्ब्रम, संदीप कुमार, जहिर खान, मुनाजिर हुसैन, जवाहर यादव, जयप्रकाश आदि उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने गामीण को कुचलकर मार डाला

**खूंटी ।** खूंटी जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों ने नववर्ष से पहले ही दिन कर्रा प्रखंड के छोटका केदली गांव में चुनकू बाखला नामक एक ग्रामीण की जान ले ली। जानकारी के अनुसार चुनकू बाखला बुधवार को अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। रास्ते भी उसका सामना एक जंगली हाथी से हो गया। जंगली हाथी ने अपनी सूंढ़ से उसे उठाकर पटक दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही खूंटी के झामुमो विधायक राम सूर्या मुंडा छोटका केदारी गांव पहुंचे और मामले की जानकारी ली। गांव से ही उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दीं।।मामले की जानकारी मिलते विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों को 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी। मौके पर विधायक ने कहा कि जंगली हाथियों से ग्रामीण दूर रहे और उनके साथ किसी प्रकार की छेड़खानी न करे। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## नेपाल घूमने गया परिवार, लाखों रुपए के जेवरात और नगदी की हुई चोरी

**रामगढ़ ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामानगर के एक बंद घर से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दी है। जानकारी के अनुसार तुलसी अग्रवाल उर्फ पिंटू अपने सपरिवार के साथ 24 दिसंबर को नेपाल घूमने गए थे। अपने घर की देख भाल के लिए राम राजा सिंह को रात में घर मे सोने के ललिए बोलकर गये थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 8.40 बजे घर पर चोरी होने की सूचना राम राज सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रात को मेन गेट ताला खोल कर जब वह अंदर प्रवेश किया तो चैनल गेट सहित अंदर के सभी दरवाजों का ताला टूटा हुआ था, मैं उसे वक्त गोरखपुर में था और सूचना मिलते ही, वहां से रामगढ़ के लिए निकला। दोपहर 12ः30 के करीब घर पहुंचकर पर पाया कि अज्ञात चोरों ने मेरे घर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना उन्होंने रामगढ़ पुलिस को दी। सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अरविंद सिंह और आशुतोष सिंह पहुंचकर मामले की जानकारी घर वालों से ली। साथ ही मामले की छानबीन में जुट गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फिंगरप्रिंट टीम को इसकी जानकारी दी और घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में जुट गई। इस दौरान सब इंस्पेक्टर बीरबल हेंब्रम ने कई स्थानों का फोटो खींचे। पिंटू अग्रवाल ने बताया कि घर में रखे करीब डेढ़ लाख नकद, चांदी के पूजा के बर्तन एवं सिक्के जिसका वजन करीब 800 ग्राम, सोने की अगूंठी, कान का टॉप्स एवं नाक का नथ जिसका वजन 20 से 22 ग्राम, लैपटॉप, पांच पेन ड्राइव सहित अन्य सामानों की चोरी हुई है।

## नवप्रोन्नत आईपीएस अफसरों को डीजीपी ने बैच लगा किया सम्मानित

**रांची ।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नवप्रोन्नत आईजी अनूप बिरथरे, पटेल मयूर कन्हैया लाल व डीआईजी रैंक में प्रोन्नत चंदन कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा को बैच पहनाकर सम्मानित किया। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अनूप बिरथरे को डीआईजी रांची के पद से प्रोन्नति देकर आईजी एसटीएफ, पटेल मयूर कन्हैयालाल को जैप डीआईजी के पद से प्रोन्नति देकर आईजी मानवाधिकार, चंदन कुमार झा को पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा के पद से प्रोन्नति देकर डीआईजी एसआईबी, अनुरंजन किस्पोट्टा को पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग के पद से प्रोन्नति देकर डीआईजी विशेष शाखा के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस अवसर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी प्रशिक्षण सुमन गुप्ता, आईजी अभियान अमोल विणुकांत होमकर, आईजी प्रोविजन ।

# हत्या के बाद बवाल, पुलिस ने भांजी लाठियां



संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद में नए साल 2025 का पहला दिन बहुत अच्छा नही रहा। बुधवार की सुबह एक युवक के शव मिलने के बाद मामला इतना बढ़ा की पुलिस को लाठी चार्ज तक करना पड़ा। मामला धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के विकास नगर की है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह नाले में एक युवक का शव मिला। मृतक के पहचान रवि कुमार के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि युवक शादीशुदा है, उसका एक बच्चा है और उसकी पत्नी गर्भवती भी है। युवक कोयला व्यवसायी पप्पू मंडल के यहां काम करता था। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं परिजन आकाश नामक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस उसे हिरास में लेकर पूछताछ कर रही है।

वहीं घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण आरोपित को भीड़ को सौंपने की मांग को लेकर बैंक मोड़ थाना के सामने मु य सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन करने लगे। इससे सड़क पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। इसके बाद बैंक मोड़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शकारी शांत नही हुए।

इसके बाद पुलिस के सब्र का बांध टूट गया और पुलिस ने बिना महिला-पुरुष का भेदभाव किए जमकर लाठियां चटकाई। इस दौरान कई महिला भी घायल हो गई है। इस दौरान पुलिस ने आरोपित को सुरक्षा के लिहाज से किसी अन्य थाना में शि ट कर दिया है। इस दौरान बैंक मोड़ थाना और उसके आसपास काफी समय तक भगदड़ की स्थिति बनी रही।

# नव वर्ष पर गुलजार रहे रांची के मंदिर, पार्क और पिकनिक स्पॉट



संवाददाता

**रांची ।** नव वर्ष पर बुधवार को राजधानी रांची के मंदिर, पार्क और विभिन्न पिकनिक स्पॉट में लोगों की भीड़ रही। इस दौरान युवाओं ने खूब सेल्फी ली।

रांची के बरियातू पहाड़, हुण्डरु फॉल, दशम फॉल, दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, जोन्हा फॉल, गेतलसूद डैम, सीता फॉल, गौतम धारा, रुक्का डैम, ऑक्सीजन पार्क, बिरसा मुण्डा पार्क, रॉक गार्डन, कांके डैम, सिदो-कान्हू पार्क, मछली घर ,नक्षत्र वन, हटिया डैम सहित अन्य स्थानों पर लोग सुबह से लेकर शाम तक घूमते रहे। इस दौरान कई जगहों पर गाजे-बाजे के साथ भी लोग पहुंचे थे। उन्होंने खाना-पीना बनाकर खाया और जमकर डांस की। पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल और दंडाधिकारी भी तैनात रहे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पार्क, डैम और अन्य पिकनिक स्पॉट पर शांतिपूर्वक लोगों ने नव वर्ष का आनंद लिया। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना अबतक नहीं है। सभी पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## भरनो में मनाई गई जय गुरूदेव की जयंती, सत्संग का आयोजन



**गुमला ।** भरनो के बालक मध्य विद्यालय के स्थित जय गुरुदेव आश्रम में बाबा जयगुरुदेव के जन्म दिन के अवसर पर बुधवार को सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जय गुरुदेव बाबा की तस्बीर पर माल्यार्पण और प्रार्थना कर किया गया । कार्यक्रम में जिला के प्रवक्ता खुदी महली को श्रद्धालुओं ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सत्संग में गुमला, रांची, लोहरदगा, चैनपुर, डुमरी, सिसई, पालकोट, कोलेबिरा, लापुंग आदि दर्जनों जगहों से श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए। मौके पर सत्संग के प्रवक्ता खुदी महली ने कहा कि लोग तन की सुधि तो कर लेते हैं, लेकिन मन की सुधि के लिये बाबा के सत्संग में आना होगा। क्योंकि सत्संग मनुष्य के जीवात्मा के हित के लिये किया जाता है। उन्होंने कहा कि मन का मैल जब तक नही धुलेगा तक तक कोई भी पूजा सफल नही होगी। संत महात्मा के सत्संग में आने से मन का मैल धूल जाता है, लोग पवित्र हो जाते हैं, मन से बुराइयां दूर हो जाती है। ये तब सम्भव होगा जब आप अपने खान पान पर भी ध्यान देंगे । मांसाहारी लोग तामसी प्रवृति के हो जाते हैं । इसलिए मांसाहार का त्याग करें और शाकाहारी बने । तभी तन और मन शुद्ध रहेगा। मन मे अच्छे ख्याल आएंगे। कलयुग में सत्संग का होना बहुत अनिवार्य है। जिसके लिये बाबा के सत्संग में आने की जरूरत है।

## कोल इंडिया रांची मैराथन 2025 के तीसरे संस्करण की वेबसाइट लॉन्च




**रांची ।संताल एक्सप्रेस।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोल इंडिया रांची मैराथन के तीसरे संस्करण की आधिकारिक वेबसाइट को आम जनों के लिए प्रस्तुत किया है, इस वेबसाइट का उद्देश्य स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और सामुदायिक एकजुटता को प्रोत्साहित करना है, साथ ही इस आयोजन से जुड़े हर पहलू की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इस वेबसाइट का शुभारंभ सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने बड़े उत्साह के साथ किया। इस विशेष अवसर पर उनके साथ सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वेबसाइट के लॉन्च के बाद, सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए मैराथन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन में अपनी उत्कृष्टता के साथ-साथ समाज और समुदाय के कल्याण के लिए भी कई सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने इस आयोजन को स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक अद्भुत मंच बताया। यह मैराथन 9 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी और इसे पिछले दो संस्करणों की अपार सफलता के आधार पर और भी व्यापक और आकर्षक बनाने की योजना है। पिछले संस्करणों ने हजारों धावकों को आकर्षित किया था। गौरतलब है कि इस बार की मैराथन को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (ॠस्नद्ध) के साथ पंजीकृत किया गया है और इसका रूट एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस (ॠद्धस्र्) द्वारा प्रमाणित है। यह आयोजन न केवल पेशेवर धावकों के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक खास अवसर है।

## नववर्ष पर खादी व सरस मेला में लोगों की उमड़ी भारी भीड़



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता । रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के 13 वे दिन नव वर्ष को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। महोत्सव में लोगों द्वारा नव वर्ष का जश्न मनाया गया। सुबह से ही खीली एवं गुनगुनी धूप में लोगों को आगमन शुरू हो गया था। महोत्सव में लगभग 20000 टिकट बिके एवं लगभग 25000 लोगों ने भ्रमण किया। महोत्सव परिसर में झारखंड पर्यटन विभाग की तरफ से लगाए गए स्टाल में झारखंड के सभी पर्यटन स्थलों की जानकारी विस्तृत रूप से दी जा रही है। मेला परिसर में स्केचिंग का जीवन प्रदर्शन किया जा रहा है । कालीन जोन में लोगों द्वारा कालीन बहुत पसंद किया जा रहा है ईरानियन कारपेट करीब ढाई लाख का बिक्री किया जा रहा है कालीन में बहुत बारीक काम किया गया है। साबरमती आश्रम के जीवंत प्रदर्शनी में बच्चों की भीड़ अधिक रहती है,तथा गांधी जी से संबंधित चित्र प्रदर्शनी से बहुत ही जानकारी प्राप्त की जा सकती है । महोत्सव में राजकीय शोक समाप्त होने के पश्चात दिनांक 2.1.2025 से बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रतिदिन महोत्सव में आने वाले आगंतुकों के मनोरंजन के लिए कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी । 14 आयु वर्ग के लिए पॉपिंग बैलून एवं सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है महोत्सव परिसर में आकर प्रातः 11ः00 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। की व्यवस्था की गई है द्यआज महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग दो करोड़ की रही है ।

## डीईओ को झामुमो नेता ने कार्यालय में घुसकर धमकाया

**रामगढ़ ।** रामगढ़ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह जिला है। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अब अधिकारियों को धमकाने का काम कर रहे हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम को उनके कार्यालय में घुसकर धमकाया गया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। यहां तक की गोला प्रखंड के प्लस टू उत्क्रमित विद्यालय डिमरा के प्राचार्य और शिक्षकों को भी धमकी दी गई। यह पूरा मामला तब उजागर हुआ जब जिला शिक्षा पदाधिकारी ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह सारे अनैतिक कार्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता श्रवण कुमार पटेल के जरिये किया गया है। इस मामले में अब कानूनी कार्यवाही आवश्यक है। उनके जरिये विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों को पहले भी धमकी दी जाती रही है। इसके बाद वे जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और सरकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने जैसी हरकत भी कर चुके हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि 28 दिसंबर को गोला प्रखंड के डीमरा गांव निवासी श्रवण कुमार पटेल ने कार्यालय में प्रवेश कर सरकारी कार्य में बाधा डाली और अभद्र व्यवहार किया। साथ ही अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। श्रवण पटेल ने स्वयं को नेता बताते हुए कथित रूप से मंत्री के प्रभाव का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी एवं कार्यालय कर्मचारियों को धमकाया। डीईओ ने रामगढ़ थाने में श्रवण कुमार पटेल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि श्रवण मुख्यमंत्री के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल कर डीईओ का तबादला किसी कनिष्ठ पद पर करा देंगे या उन्हें कॉलेज प्रिंसिपल के रूप में नियुक्त कर देंगे। डीईओ ने बताया कि इसी तरह की एक घटना चार सितंबर को भी हुई थी?। इसमें श्रवण पटेल ने धमकियां दी और कार्यालय परिसर के भीतर अनुचित आचरण किया। साथ ही लिपिक का स्थानांतरण उनके अनुसार करने का दबाव डाला था।

## मुख्यमंत्री ने दी झारखंड वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं



**रांची।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह, डीजीपी श्री अनुराग गुप्ता, महाधिवक्ता श्री राजीव रंजन, डीजी वायरलेस श्री प्रशांत सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री के0 श्रीनिवासन, आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री अजय नाथ झा, निदेशक खान श्री राहुल कुमार सिन्हा, आईजी रांची श्री अखिलेश झा, आईजी एसटीएफ श्री अनूप बिरथरे, सिटी एसपी रांची श्री राजकुमार मेहता ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों को नूतन वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी प्रदेशवासियों के योगदान से झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शुमार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी से राज्य के विकास में सहयोगी बनने की अपील की है।

## खाना बनाने के दौरान महिला झुलसी, झाड़ग्राम रेफर

**पूर्वी सिंहभूम ।** चाकुलिया प्रखंड की जुगीतोपा पंचायत अंतर्गत कदमाशोली गांव निवासी लक्ष्मी प्रिया पातर (19) बुधवार को खाना बनाने के दौरान आग से झुलस गयी। लक्ष्मी प्रिया पात्र के पति अनिमेष पातर ने बताया कि उनकी पत्नी खाना बना रही थी। खाना बनाने के दौरान कपड़े में आग लग गयी। इसके बाद उसे आनन फानन में चाकुलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां डॉक्टर नरेश बास्के ने महिला को पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम रेफर कर दिया।

## ट्रिपल राइडिंग-बगैर हेलमेट वाले 700 लोगों की हुई काउंसलिंग

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। पहले दिन करीब 700 लोगों की काउंसलिंग की गई। एसएचओ पिठोरिया के अनुसार, पतरातू रोड पिठोरिया चौक के पास ट्रिपल राइडिंग, बगैर हेलमेट और रैश ड्राइविंग करने वाले लोगों की काउंसलिंग हुई। साथ ही करीब तीन सौ वाहनों की जांच की गई। सुबह नौ से चार बजे तक यह अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि इस वर्ष परवाह थीम पर राज्य भर में नाटक, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, बाइक रैली और क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

## चतरा के होमगार्ड जवानों ने सरकार के गजट का किया विरोध

**चतरा ।** चतरा जिले के होमगार्ड जवानों ने सरकार द्वारा पारित गजट के नियमों का विरोध किया है। झारखंड सरकार द्वारा गजट प्रकाशन किया गया है उसमें होमगार्ड जवानों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 58 वर्ष निर्धारित की गई है जबकि इसके पूर्व सेवा सीमा 60 साल थी। पुनः नामांकन की अधिकतम उम्र सीमा 57 वर्ष निर्धारित की गई है। सरकार द्वारा जो यह गजट प्रकाशन किया है उसका विरोध झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने किया है। संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, सचिव राहुल यादव, प्रदेश उप सचिव रंजय कुमार सिन्हा, प्रमंडलीय अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, प्रमंडलीय सचिव महेश दांगी, मंटू यादव के अलावा जवानों ने गजट का विरोध करते हुए सरकार से यह नियम वापस लेने की मांग की है। प्रदेश सचिव राजीव तिवारी ने बताया कि होमगार्ड जवानों के साथ यह सरकार गलत कर रही है। जिसका संघ विरोध करता है। इसके लिए हम सब जवान सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सिमडेगा मंडल कारा में छापामारी

**सिमडेगा ।** सिमडेगा डीसी के निर्देश पर नए साल के पहले दिन यानि बुधवार की सुबह 4ः30 बजे से 6ः30 तक मंडल कारा सिमडेगा में छापेमारी की गई।जेल के सभी वार्ड, महिला वार्ड, और कारा अस्पताल वार्ड में औचक छापामारी किया गया हालांकि छापेमारी में किसी प्रकार की आपत्तिजनक समान की बरामदगी नहीं हुई है।छापेमारी दल मे कार्यपालक पदाधिकारी सिमडेगा ज्ञानरंजन ज्ञानी, बैजू उराँव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा रणवीर सिंह पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सिमडेगा, दिनेश कुमार प्रजापति थाना प्रभारी सिमडेगा के साथ 20 दरोगा और 50 सिपाही थे। सूत्रों की माने तो रामगढ़ मे भारत माला परियोजना मे हुई गोलीबारी को लेकर छापेमारी हुई है। इस घटना का जिम्मा गैंगस्टर अमन साहू गैंग के मयंक सिंह ने ली थी।अमन साहू का खास कहे जाने वाले आकाश रॉय मोनू सिमडेगा मंडल कारा मे ही बंद है।

## मानगो-साकची फ्लाईओवर का होगा उद्घाटन, दौड़ेंगी गाड़ियां

**पूर्वी सिंहभूम ।** मानगो-साकची फ्लाईओवर का काम तेजी से चल रहा है। डिमना रोड में तीन पिलर तैयार हो चुके हैं, जबकि पांच-छह पिलर भी आधे बन चुके हैं। नदी के भीतर पुल निर्माण का काम भी शुरू कर दिया गया है। पूरी संभावना है कि 2025 में यह काम पूरा हो जाएगा।इसके बनने से मानगो में रोज लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा मिलेगा और तीन लाख से अधिक लोग राहत की सांस लेंगे।फ्लाईओवर के दो मुहाने होंगे। इसका एक सिरा डिमना रोड में ब्लू बेल्स स्कूल के पास से शुरू होकर साकची पुराना कोर्ट के पास तक जाएगा। जबकि दूसरा सिरा मरीन ड्राइव मोड़ से पायल सिनेमा तक जाएगा। डिमना रोड फ्लाईओवर में दोनों ओर से आने-जाने की सुविधा होगी, जबकि न्यू पुरुलिया रोड वाला सिंगल लेन होगा और इसमें साकची से मानगो की ओर सिर्फ आने की सुविधा मिलेगी। 252 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना को डेढ़ साल में पूरा करना है।इसका काम दिनेश चंद्र आर अग्रवाल एंड इब्रा इस्कॉन नामक कंपनी को मिला है। पूरी उम्मीद हैकि अगले साल के अंत तक इसका काम पूरा हो जाएगा।

## सभी पिकनिक स्पॉटों पर बीडीओ, सीओ और थानेदार रहे तैनात

**चतरा ।** एक जनवरी 2025 को नये साल के जश्न में पुरा जिला डूबा रहा। जिले के अधिकतर पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे।पिकनिक स्पॉटों पर दिन भर भीड़ उमड़ती रही। यहां सबसे अधिक भीड़ कान्हाचट्टी के तमासीन में देखा गया। वैसे जिले के खैवा, बनारू, बक्सा जलाशय, चुंदरू धाम, लक्ष्मणपु डैम, कॉलेश्वरी, भद्रकाली मंदिर सहित अन्य सभी पिकनिक पर भारी भीड़ रही। पिकनिक स्पाटों पर भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुरी तैयारी कर रखी थी। सभी स्पाटों पर संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था, जबकि उक्त प्रखंड थाना प्रभारी भी दल बल के साथ मौजुद रहे। जलप्रपातों में कोई अप्रिय घटना ना घटे इसके लिये डेंजर जोन भी चिन्हित किया गया था। वही एनडीआरएफ की टीम को भी रखा गया था।डेंजर जोन के आस-पास चेतावनी का बोर्ड भी लगाया गया था। थानों की पुलिस दिन भर पिकनिक स्पॉट की गश्ती करती रही।

## डीसी ने भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्र को जमीन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश



**गोड्डा ।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्र के लिए जमीन उपलब्ध कराने हेतु अपर समाहर्ता गोड्डा को निदेशित किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त अधियाचना के अंतर्गत सरकारी भूमि चिन्हित करते हुए विभाग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर बैठक में अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता मुर्मू सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की हुई बैठक

गोड्डा ~ जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा आयुष्मान भारत से संबद्ध जिले के अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, भुगतान एवं अन्य समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निजी अस्पतालों के संचालकों के द्वारा आयुष्मान योजना के तहत इलाज, निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना के संबंध मे विचार- विमर्श किया गया। उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ आयुष्मान भारत योजना की जांच किए जाने के निर्देश दिए गए। मौके पर सिविल सर्जन, गोड्डा डॉ0 अनंत कुमार झा सहित स्वास्थ्य कर्मीगण मौजूद थे।

## चाक चौबंद सुरक्षा के बीच नव वर्ष पर पिकनिक की रही धूम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। यूं तो 01 जनवरी भारतीय नव वर्ष नहीं है। फिर भी लोग बड़ी ही उमंग उत्साह के साथ अंग्रेजी नव वर्ष का जोरदार स्वागत किया एवं अपने दोस्त मित्रों, संस्था तथा परिवार के साथ वन भोज का आनंद लिया। पाकुड़ के लड्डू बाबू व अली बाबूआम बागान , मलीपाड़ा, शहर कोल , पुलिस लाइन के समीप नदी आदि स्थान पर लोग अपने मित्रों और परिवारों के साथ पिकनिक का आनंद उठाया। लड्डू बाबू आम बागान में मेले सा नजारा रहा। लोगों ने खूब गाना बजाना किया एवं बच्चों ने खेल का आनंद लिया। कई स्टाल भी लगाए गए थे। सिद्धू कानू पार्क में इस अवसर पर विशेष व्यवस्था की गई थी । पूरे पार्क को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।यहां लोगों को टिकट के लिए लंबी-लंबी कतारे देखी गई। बच्चे बुजुर्ग महिलाएं पर - परिवार के साथ खूब आनंद उठाया। पार्क के अंदर झूले गार्डन एवं पानी का झरना लोगों का मन मोह लिया। दूर दराज के लोग अपनी-अपनी गाड़ी से आते देखा गया। हिरणपुर के धरनी पहाड़, पगला नदी, लिट्टीपाड़ा के कंचनगढ़, अमड़ा पाड़ा के प्रकृति बिहार, नदी, महेशपुर के बसलोई नदी, पाकुरिया के गर्म कुंड की झरना, दुर्गापुर डैम , नव वर्ष की धूम देखी गई। इन सभी स्थानों पर लोग जमकर पिकनिक का आनंद उठाया एवं डीजे के धुन पर नाचते गाते खेलते कूदते नजर आए।इस मौके पर पाकुड़ पुलिस की ओर पिकनिक स्थलों पर वर्दी एवं सादी वेश में पुलिस निगरानी करते देखी गई। कहीं कोई अनहोनी ना हो इस पर पुलिस की पैनी निगाह बनी रही। चौक चौराहों पर भी पुलिस की निगरानी देखी गई।*रेस्टोरेंट में मनपसंद व्यंजनों विशेष व्यवस्था*अगर पाकुड़ नगर की बात करें तो नगर के सभी रेस्टोरेंटों में नव वर्ष के अवसर पर विशेष व्यंजन की व्यवस्था की गई थी। काफी संख्या में लोग अपनी मनपसंद व्यंजनों का आनंद परिवार के साथ उठाया।

## धूमधाम से मनाया गया नववर्ष



फतेहपुर, (जामताड़ा) । प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया तो कहीं क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, संपन्नता, स्वास्थ्य, धन, यश, मान-सम्मान और उन्नति, प्रगति आदि के मन्नतें मांगे। इस साल नववर्ष का आगमन सप्ताह के तृतीय दिन यानि बुधवार से हुआ है। मंगलवार रात 12 बजने के साथ ही मोबाइल से एसएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, मैंसेंजर एवं ई मेल के माध्यम से नववर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहें। आतिशबाजी एवं हैपी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगी। नव वर्ष के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के लोग पिकनिक मनाने के लिए घुमरो पहाड़, शिला नदी के विभिन्न तटों, झिलुवा खैरवनी का जंगल, माधोपुर एवं बुटवाड़ी स्थित काजुबागान के अलावा विभिन्न जोरिया सहित छोटे बड़े जंगलों में लोगों ने अपनी पसंदीदा स्थल पर नये साल के प्रथम दिन पर पिकनिक मनाया। नया साल 2025 का गर्मजोशी एवं काफी उत्साह के साथ स्वागत किया।

## विशेष जागरूकता शिविर सह आउटरिच कार्यक्रम के तहत लोगो को किया जागरूक



फतेहपुर। बुधवार को माननीय नालसा एवं झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा अध्यक्ष एवं सचिव मार्गदर्शन पर फतेहपुर प्रखंड के अंतर्गत 90 दिवसीय कार्यक्रम विशेष जागरूकता शिविर सह आउटरिच कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को मोटर दुर्घटना से संबंधित और साइबर अपराध के रोकथाम के बारे में पीएलबी अधिकार मित्र, अमित कुमार मंडल एवं प्रभास हेंब्रम के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही नालसा एवं झालसा के योजना के बारे में बताया गया। झालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही पीएलबी अमित कुमार मंडल ने बताया कि झालसा का टोल फ्री नंबर पर डायन प्रथा रोकथाम में अपना आवेदन दर्ज करवा सकते हैं।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**संवाददाता**

**गोड्डा।** समाहरणालय परिसर से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा मंगलवार को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा तथा इसमें लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने अपील किया कि मोटरसाइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गतिसीमा में करें। चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, सड़कों पर चलने वाले वाहन, चालक एवं आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किए जाएं, परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता गोड्डा, श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी गोड्डा, कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला योजना पदाधिकारी गोड्डा, फैजान सरवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी गोड्डा, मिथिला टुडू, जिला खेल पदाधिकारी गोड्डा डॉ0 प्राण महतो सहित समाहरणालय कर्मीगण मौजूद थे।

## नव वर्ष पर खरहरी माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं भीड़



**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मोपहाड़ी स्थित खरहरी माता मंदिर परिसर में विगत वर्षों की तरह बुधवार को भी नव वर्ष के अवसर पर मां खरहरी सेवा विकास समिति के सहयोग से वार्षिक समारोह तबके का मनाया गया। समिति के सदस्यों ने अधिक मात्रा में खीर प्रसाद पकाया और माता के मंदिर में भोग लगाया। वृहत रूप से पूजा अर्चना के बाद वहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच सामूहिक रूप से खीर प्रसाद वितरित की गई। सर्वप्रथम समिति के सदस्यों ने मंदिर में सामूहिक पूजा अर्चना किया। उसके बाद वहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने बारी बारी से मंदिर में पूजा अर्चना करना शुरू किया। सुबह 8~00 बजे से ही झारखंड राज्य के विभिन्न जगहों के साथ साथ पड़ोसी राज्य बिहार के भी हजारों श्रद्धालुओं की संध्या 5~00 बजे तक पूजा अर्चना करने वाले और मन्नतें मांगने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हालांकि रात्रि के 8~00 बजे तक भी श्रद्धालु माता का दर्शन करने और नव वर्ष का लुत्फ उठाने के लिए भ्रमण करते नजर आए। इसके अलावे ठाकुर गंगटी और मंडरो प्रखंड की सीमा पर मंडरो प्रखंड अंतर्गत स्थित फॉसिल्स पार्क, बायो डायविटी पार्क में अधिक संख्या में लोगों ने पिकनिक मनाया और भ्रमण किया। शीतला माता स्थान, भूमफोड़नाथ महादेव मंदिर परिसर, अंटेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर, पदेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर, मनोकामना नाथ महादेव मंदिर परिसर, चंदेश्वरनाथ, झामेश्वरनाथ, चपलेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर के अलावे विभिन्न देवी, देवताओं की मंदिर में श्रद्धालुओं ने नववर्ष के अवसर पर हरशोल्लाश के साथ पूजा अर्चना किया।

## चलती ई-बाइक में अचानक लगी आग, युवक की सूझबूझ से बची जान

चित्तरंजन~ रूपनारायणपुर के डाबर मोड़ से दुर्गा मंदिर रेल गेट की ओर जा रहे एक युवक की ई-बाइक में अचानक आग लग गई। यह घटना मंगलवार शाम 6~30 बजे के आसपास हुई जब युवक अपनी ई-बाइक से जा रहा था। युवक ने बताया कि जब वह रेल गेट के पास पहुंचा, तो उसने देखा कि उसकी ई-बाइक से धुआं निकल रहा है। उसने तुरंत अपनी ई-बाइक रोक दी और नीचे उतर गया। इसके बाद, उसने देखा कि उसकी ई-बाइक के पीछे से आग निकल रही है। इस घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग नियंत्रण में नहीं आई। अंत में, उन्होंने रेत डालकर आग को नियंत्रित किया। इस बीच, ई-बाइक का एक बड़ा हिस्सा आग में जलकर खराब हो गया। युवक ने बताया कि वह अपनी ई-बाइक से जा रहा था जब उसने देखा कि उसकी ई-बाइक से धुआं निकल रहा है। उसने तुरंत अपनी ई-बाइक रोक दी और नीचे उतर गया। इसके बाद, उसने देखा कि उसकी ई-बाइक के पीछे से आग निकल रही है। युवक ने बताया कि वह अपनी ई-बाइक को नियमित रूप से चार्ज करता है और उसकी ई-बाइक में कोई समस्या नहीं थी। वह नहीं जानता कि उसकी ई-बाइक में आग क्यों लगी।

## अंचलाधिकारी ने मालांचा पहाड़ सहित विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का लिया जायजा



संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था को लेकर नाल अंचल अधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी ने नाला प्रखंड क्षेत्र के मलांचा पहाड़ की तलहटी सहित विभिन्न पिकनिक स्पॉट का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने मालंचा पहाड़ की तलहटी स्थित क्षेत्र में चल रहे पिकनिक स्पॉट की हर गतिविधि का अवलोकन किया साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से भी बात की एवं वहां सैलानियों के लिए उपलब्ध सुख सुविधा तथा सुरक्षा के विभिन्न आयाम एवं वस्तु स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी तथा पुलिस बल से भी पूछताछ की और विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि जिला प्रशासन के द्वारा नाला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर दंडाधिकारी तथा पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस अवसर पर सहायक अभियंता निखिल चंद्र साह महेशमुंडा स्थित अजय नदी घाट पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारी सौरभ कुमार महतो, मालांचा पहाड़ की तलहटी पर स्थित पिकनिक स्पॉट में कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी करमदास सोरेन, सियारकेटिया कुरली नदी के पिकनिक स्पॉट में कनीय अभियंता नंदकिशोर टुडु, देवलेश्वर मंदिर में कनीय अभियंता रंजीत कुमार यादव आदि प्रतिनियुक्ति थे। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार बेसरा, मंदिर प्रबंधन समिति के कांति दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करना संज्ञेय अपराध ~ डालसा



गोड्डा ~ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित 90 दिवसीय इंटेंशिव विधिक जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को सदर प्रखंड के पैरडीह, गोपलाडीह, तेतरिया एवं कौड़ी बहियार गांव में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम में शामिल अधिकार मित्र सह पीएलवी अर्चना कुमारी ने ग्रामीणों को कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों का सफाया करने के लिए जन जागरुकता की जरुरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करना एक संज्ञेय अपराध है। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर कोई अश्लील हरकत करता है, अश्लील गाना या अश्लील शब्द जिससे अन्य को तकलीफ हो, स्त्री की लज्ज भंग करने का प्रयास, आपराधिक बल का प्रयोग करने, यौन उत्पीड़न करने, गलत नियत से महिला का पीछा करने, ताकझांक करने, लज्जा का अनादर करने को अपराध माना गयाहै। इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। कहा कि सुलहनीय मामले या पारिवारिक विवाद को आपसी समझौते के आधार पर निष्पादन कराने में दोनों पक्षों की भलाई है।

## प्राकृतिक स्थलों पर वन भोज की परंपरा जारी, लोगों ने लिया पिकनिक का आनंद



मिहिजाम~ जामताड़ा, मिहिजाम, चित्तरंजन के आसपास के प्राकृतिक स्थलों पर वन भोज की परंपरा जारी है। अजय नदी तट, लादना डैम, सीधा बाड़ी, डीवीसी डैम आदि स्थानों पर वन भोज को लेकर विशाल जन समूह देखा गया। इन स्थानों पर मिहिजाम, जामताड़ा, चित्तरंजन, रूपनारायणपुर, सलानपुर, आसनसोल आदि क्षेत्रों से सैलानियों का तांता लगा रहता है। इन स्थानों पर प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा रमणीय और अद्भुत प्रतीत होता है। बच्चे और नवयुवक-नवयुवतियां नदी में स्नान करने का लुत्फ उठाते नजर आए। वन भोज के दौरान लोगों ने पिकनिक का आनंद लिया और प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा देखा। इन प्राकृतिक स्थलों पर वन भोज का आयोजन एक परंपरा बन गई है। हर साल बड़ी संख्या में लोग इन स्थलों पर आते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं। लादना डैम और सीधा बाड़ी का अनोखा दृश्य और प्राकृतिक छटा देखते ही लोग आकर्षित होकर खुद ब खुद इस ओर खींचे चले आते हैं। यह आयोजन न केवल लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराता है, बल्कि यह उनके लिए एक मनोरंजन का साधन भी है। प्राकृतिक स्थलों पर वन भोज का आयोजन से जीवन में एक निखार उत्पन्न होता है जो प्रत्येक वर्ष दिसंबर से जनवरी तक सफल आयोजन किया जाता है। वन भोज का आयोजन एक महत्वपूर्ण पर्यटन गतिविधि है। यह आयोजन न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक आकर्षक गतिविधि है। यह आयोजन प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराता है और लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।इस आयोजन के दौरान, लोग पिकनिक का आनंद लेते हैं, प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा देखते हैं, और एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण सामाजिक गतिविधि है जो लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करती है।

## चित्तरंजन में 3 जनवरी को होगी विरोध सभा, पुलिस को दी गई जानकारी

चित्तरंजन~ चित्तरंजन रेलवे मेन्स कांग्रेस ने चित्तरंजन पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज को एक पत्र लिखकर 3 जनवरी को अमलादही मार्केट में होने वाली विरोध सभा की जानकारी दी है। पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब के बारे में की गई टिप्पणी के विरोध में यह विरोध सभा आयोजित की जा रही है। यह सभा 3 जनवरी को शाम 6~00 बजे अमलादही मार्केट में होगी। पत्र में कहा गया है कि इस विरोध सभा में लगभग 100 लोग शामिल होंगे और एक माइक्रोफोन का उपयोग करके सभा को संबोधित किया जाएगा। पत्र में यह भी कहा गया है कि विरोध सभा के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। चित्तरंजन रेलवे मेन्स कांग्रेस ने पुलिस से सहयोग करने का अनुरोध किया है ताकि विरोध सभा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की जा सके। यह विरोध सभा बाबा साहेब के सम्मान में आयोजित की जा रही है और इसमें भाग लेने वाले लोगों का मानना है कि केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी ने बहुजन समाज के लोगों की भावनाओं को आहत किया है।

## वृद्धाश्रम के निवासी को ठगने की कोशिश, पुलिस प्रशासन से की गई सतर्कता की अपील

चित्तरंजन~ हिंदुस्तान केबल्स पुनर्वासन समिति द्वारा संचालित इलाके के एक प्राचीन वृद्धाश्रम के निवासी को एक अज्ञात व्यक्ति ने ठगने की कोशिश की। यह घटना बुधवार सुबह उस समय हुई जब वह निवासी न्यू कॉलोनी से ओल्ड कॉलोनी की ओर जा रहा था। आरोपी ने निवासी को रोककर पूछा कि क्या वह पार्टी ऑफिस से आ रहे हैं। जब निवासी ने नकारात्मक जवाब दिया, तो आरोपी ने बताया कि पार्टी ऑफिस में आज जन्मदिन के अवसर पर केक बांटा जा रहा है और हर किसी को 100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जा रहा है। आरोपी ने निवासी से पूछा कि क्या वह यह पुरस्कार लेना चाहते हैं। निवासी ने आरोपी को बताया कि वृद्धाश्रम में कई अन्य लोग भी हैं जो पार्टी ऑफिस नहीं गए हैं और इसलिए उन्हें यह पुरस्कार नहीं मिला है। इसके बाद, आरोपी ने निवासी को 100 रुपये का नकली नोट देने की कोशिश की और पूछा कि क्या उसके पास और पैसे हैं जो वह बदल सकता है। निवासी ने आरोपी को बताया कि उसके पास 500 रुपये का एक नोट है, लेकिन वह इसे नहीं बदलेगा। इसके बाद, आरोपी ने निवासी को वृद्धाश्रम में जाने के लिए कहा और खुद वहां से भाग गया। इस घटना के बाद, निवासी ने वृद्धाश्रम के अधीक्षक सुभाष महाजन को इसकी जानकारी दी। सुभाष महाजन ने प्रारंभिक जांच के बाद पाया कि आरोपी एक प्रोफेशनल ठग है जो नकली नोटों का उपयोग करके लोगों को ठगता है। सुभाष महाजन ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि वे इस मामले में सतर्कता बरतें और लोगों को ऐसे ठगों से सावधान रहने के लिए जागरूक करें।

## तीन दिवसीय लक्खी पूजा उत्सव को ले तैयारी पूरी

**फतेहपुर, (जामताड़ा)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरीया पंचायत अन्तर्गत हरिराखा गांव में तीन दिवसीय वार्षिकी लक्खी पूजा महोत्सव को लेकर उत्साह का वातावरण बनने लगा है। इस साल आयोजक समिति द्वारा भव्य तरीके से धार्मिक कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस वार्षिक महोत्सव को लेकर भव्य व आकर्षक मूर्ति तथा पूजा पंडाल बनाया गया है। वहीं मूर्तिकार लक्खी माता की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इसे लेकर आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है तथा भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। इस बारे में आयोजक कमेटी के वासुदेव पाण्डेय, अश्वनी पाण्डेय, निरंजन पाण्डेय, बैद्यनाथ पाण्डेय, गदाघर पाण्डेय, नवदीप पाण्डेय, सुखमय पाण्डेय, बलाई चंद्र पाण्डेय, मनिक चंद्र पाण्डेय, मंटू चंद्र पाण्डेय, विमल पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, रंजित पाण्डेय, जयद्रथ पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, मनोरंजन पाण्डेय आदि ने कहा है कि हरिराखा गांव में स्थापित लक्खी मंदिर अति प्राचीन एवं क्षेत्रवासियों के आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में पिछले सालों की तरह इस बार भी आकर्षक सजावट के साथ साथ मूर्ति का निर्माण द्रुत गति से किया जा रहा है जो अंतिम चरण में है। यहां के मंदिर में मूर्ति दर्शन एवं माता रानी के दरबार में नमन पूजन के लिए हरिराखा के अलावे सहरबेड़िया, बरवा, डुमरीया, आम्बाबांक, मुर्गाबनी, बुटबाड़ी, खैरबनी, नामुजलाई आदि क्षेत्र के श्रद्धालु महिला पुरुष काफी संख्या में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि लक्खी पूजा उत्सव को लेकर लोगों में अपार खुशी है। कहा कि हमारे पूर्वज के द्वारा लक्खी पूजा उत्सव को शुरू किया गया था जो आज भी हमलोगों के द्वारा विधि विधान व प्राचीन परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु इस मंदिर में भक्तिभाव से पूजा आराधना करते हैं एवं मन्नत मांगते हैं उन्हें मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ग्रामीण क्षेत्र होने के नाते पूजा उत्सव को लेकर खास उत्साह देखने को मिलता है। मौके पर मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन एवं मेला का भी आयोजन होता। जिसकी तैयारी पूजा कमेटी के द्वारा पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि आगामी 02 जनवरी यानी गुरुवार को वार्षिक लक्खी पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## 20 सुत्री अध्यक्ष ने वर्धनडंगा में बच्चे बच्चियों तथा सहयोगियों के साथ मनाई पिकनिक



संवाददाता नाला (जामताड़ा)~-- नाला प्रखंड क्षेत्र के महेश मुंडा अजय नदी घाट,वर्धनडंगाल सहित विभिन्न पिकनिक स्पॉट में लोगों ने नए साल का जश्न मनाया। मालूम हो कि लोग सुबह से ही नए साल के स्वागत को लेकर अपने-अपने निर्धारित पिकनिक स्पॉट की ओर प्रस्थान की। इस नए साल के जश्न को लेकर खासकर अजय नदी के महेशमुंडा घाट,पाथरघाटा घाट,वर्धनडंगाल, कुर्ली नदी घाट के अलावा मालंचा पहाड़ की तलहटी पर प्रकृति की गोद में लोगों ने पिकनिक मनाते हुए नए साल का जश्न मनाया। वहीं वर्धनडंगाल में 20 सुत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य ने अपने सहयोगियों तथा बच्चे बच्चियों के साथ पिकनिक मनाई। मौके पर पूर्व मुखिया बिजन बिहारी ठाकुर, सनत मंडल, संतोष मंडल, भीम धीवर, कमल मंडल, पंकज मुदी, राधाकृष्ण वर्धन, दीपक शील,पार्थ शरथी चंद, पूर्ण चंद्र पाल,संजय मुदि, सुखमय गोराई आदि मौजूद थे।

## नव वर्ष पर लोगों ने धूममधाम के साथ लिया पिकनिक का आनंद



कुंडहित (जामताड़ा) ~ बुधवार को सुबह होते ही लोग एक दुसरे को नववर्ष 2024 की बधाई दी। कोई मोबाईल के जरिये तो कोई व्हाटसएप एवं फेसबुक के जरिए नववर्ष की बधाई दी। वही कुंडहित मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में नववर्ष 2025 का स्वागत धुमधाम से किया गया। लोगो ने नए साल स्वागत अपने अपने ढंग से किया। किसी ने मंदिर में पूजा अर्चना कर तो किसी ने नदीयो के आसपास पिकनिक मना कर। नए साल के अवसर पर सभी वर्ग के युवक-युवतियो में पिकनिक को लेकर जर्बदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्पॉटो पर डीजे साउंड के धमाकेदार आवाज के साथ हिन्दी फिल्म की धुनों के बीच नाचते गाते रहे। वही युवाओ की टोलियों के अलावे, मित्रो, परिजनो, रिश्तेदारो के साथ पिकनिक मनाते देखा गया।

वुधवार को साल के पहले दिन प्रखंड के बरमसिया स्थित शिलानदी तट, कांदिहाड़ा तट, पहाड़गोड़ा के पहाड़ की तलहटी, पुतुलबोना, भेलुआ नदी, राजबांध, शालनदी, जोटाधारीथान आदि पिकनिक स्पॉटो पर लोगो की अच्छी खासी भीड़ देखी गयी। पिकनिक मे युवाओ के अलावे हर उम्र और वर्ग के लोगो की भागीदारी देखी गयी। पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों गांधी हाड़ा की प्राकृतिक दृश्य पर मोबाइल से फोटो खींचते नजर आए एवं सेल्फी का भी आनंद ले रहे थे।

नववर्ष पर मंदिरो पर भीड़ देखा गया। नए साल के पहले दिन कुंडहित मुख्यालय सहित सिंहबाहिनी मंदिर, जोटाधारी मंदिर, गड़शिमुला कालि मंदिर सहित विभिन्न मंदिरो मे लोग पुर्जा अचर्ना किया। लोगो ने साल की पहले दिन से अंतिम दिन तक परिवार के साथ खुशहाली कायम रहने के लिये भगवान से पुजा अचर्ना कर सुख शांति रहने की कामना की। सुबह से ही कुंडहित मे माता सिंह बाहिनी मंदिर, खजुरी जटाधारी तथा गड़शेमुला कालि मंदिर मे भी भक्तो का भीड़ देखी गयी।

**नववर्ष पर मांस मदिरा का जमकर बिक्रि हुआ ।**

वुधवार की सुबह होते ही लोग एक दुसरे को नववर्ष के बधाई दी। साथ ही मांस मछली दुकानो मे भीड़ देखने को मिला । सुबह से ही मुर्गी तथा खांसी मांस दुकानो मे लम्बी लाईन देखने को मिला । मांस दुकानों मे खांसी मांस 680 के जगह 700 रुपया, देशी मुर्गी 350 से 450 रुपया, पोल्ट्री मुर्गी 180 रुपया मछली बड़ा 250 रुपया किलो के भाव से बिक्री हुआ । वही कुंडहित मे शराब दुकान बंद होने के कारण लोग चोरी छीपे शराब की व्यवस्था किया।

हाट बाजार रहा सन्नाटा- नववर्ष के अवसर पर सुबह मांस, मछली तथा सब्जी दुकानों मे लोगो की भीड़ देखने को मिला। लेकिन सुबह दस ग्यारह बजते ही बाजार हाट पुरी तरह से सन्नाटा हो गया।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री ने हिंसा में सैकड़ों लोगों के मरने के बाद मांगी माफी

मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने बीते साल 2024 के अंतिम दिन मणिपुर की जनता से माफी मांगी है। पिछले 600 दिन से अधिक जाति हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। मणिपुर में जाति हिंसा के कारण पिछले कई महीने से मणिपुर के हजारों नागरिक महिलाएं और बच्चे शिवरों में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आई एम सॉरी कहते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। मणिपुर में पिछले 600 दिनों से दोनों समुदायों के बीच लगातार हिंसा हो रही है। मणिपुर में महिलाओं को नंगा करके घुमाया गया। हजारों लोग अपनी जान बचाने के लिए शिवरों में जाकर रहने के लिए विवश हुए हैं। अभी भी हिंसा का दौर थमा नहीं है। केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री ने राजनीतिक हितों के संवर्धन के लिए मणिपुर राज्य को हिंसा में सुनिश्चित रूप से सोची-समझी रणनीति के तहत झोंक दिया। अनेक चर्च जला दिए गए। एक समुदाय विशेष को शक्तिशाली बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जो खेल खेला गया, उसके कारण पिछले 20 महीने से मणिपुर में लगातार हिंसा हो रही है। पुलिस में सैकड़ों मामले हिंसा के दर्ज हैं। मणिपुर में 500 बार से अधिक गोलीबारी और आपसी मुठभेड़ में सैकड़ों नागरिक मारे गए हैं। सरकारी दफ्तर खाली पड़े हुए हैं। मैतई समुदाय के इलाके में कुकी समुदाय के सरकारी कर्मचारी काम करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। इसी तरह कुकी समुदाय के बीच मैतई समुदाय के सरकारी कर्मचारी काम करने नहीं जा पा रहे हैं। यही स्थिति पुलिस थानों की है। यही स्थिति अस्पतालों की है। सुंदर एवं शांत मणिपुर वर्तमान में अशांति का टापू बना हुआ है। इसका असर पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों पर भी पड़ रहा है। कहा जाता है, मणिपुर में केंद्र सरकार ने डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए वीरेन सिंह को अपना प्यादा बनाया था। मणिपुर में संघ के अनुवांशिक संगठनों ने जाति अलगाव पैदा करने का काम शुरू किया। हिंदू और ईसाई समुदाय के बीच में जानबूझकर आरक्षण के नाम पर तनाव बढ़ाया गया। जिसके कारण बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है कि मणिपुर में निर्वाचित सरकार के नाम पर जोड़-तोड़ करके डबल इंजन की सरकार बनाई गई थी। वीरेन सिंह भले मुख्यमंत्री हैं, लेकिन सही मायने में सारे निर्णय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर के बारे में लिए जाते हैं। अनसुईया उईके यहां की पहले राज्यपाल थीं। वो आदिवासी समुदाय से आतीं थीं, उन्होंने शांति बनाने का बहुत प्रयास किया। उन्हें काम करने का मौका नहीं दिया गया। जिसके कारण मणिपुर आज सबसे अशांत राज्य के रूप में देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है।

बहरहाल मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने माफी मांग कर शांति स्थापना की दिशा में एक नई शुरुआत की है। दोनों समुदायों के बीच समन्वय बनाने के लिए, बिना किसी स्वार्थ के यदि प्रयास किए जाएंगे तो निश्चित रूप से मणिपुर में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी। जब तक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस मामले में खुद पहल नहीं करेंगे, तब तक शांति स्थापित नहीं हो सकती है। अमित शाह को मणिपुर में हुई हिंसा के लिए माफी मांगते हुए शांति स्थापित करने का वास्तविक प्रयास करना होगा तभी जाकर मणिपुर में शांति स्थापित हो सकती है। मणिपुर में मुख्यमंत्री दोनों समुदायों के बीच में अपनी विश्वसनीयता और लोकप्रियता को खो चुके हैं। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह की माफी से वहां सकारात्मक रुख देखने को मिलेगा। बदली हुई, मुख्यमंत्री की माफी को राजनीतिक स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है। मणिपुर के विधायक और दोनों समुदाय की जनता मुख्यमंत्री से नाराज है। वीरेन सिंह अपने ही मैतई समुदाय की नाराजी का सामना कर रहे हैं। मणिपुर में दोनों समुदाय के लोग विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे काफी परेशान हैं। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने माफी मांगकर, बातचीत का रास्ता खोलने का प्रयास किया है, वर्तमान स्थिति में यह सही कदम है। सत्ता के सभी सूत्र केंद्रीय गृह मंत्रालय से जुड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि जब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए ईमानदारी के साथ पहल नहीं करेगा, तब तक मणिपुर में शांति स्थापित होना मुश्किल है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण केंद्र सरकार को मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। सर्वदलीय राजनेताओं का प्रतिनिधिमंडल बनाकर मणिपुर ले जाना उचित होगा। तभी इसके सार्थक परिणाम मिल सकेंगे।

# भारत में तेजी से आगे बढ़ रही है अर्थव्यवस्था प्रगति का सूचक

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से आगे बढ़ रही है। भारत आज विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है तथा शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार भी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, भारत आज अर्थ के क्षेत्र में पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप उभर रहा है।लगातार तेज तो रही आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में हो रही वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है।

हाल ही में अमेरिका में जारी की गई यूबीएस बिल्यनेर ऐम्बिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनायर (अतिधनाडयों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनायर की संख्या की दृष्टि से तृतीय स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिका है, जहां बिलिनायर की संख्या 835 हैं एवं द्वितीय स्थान पर चीन है जहां बिलिनायर की संख्या 427 है। इस वर्ष भारत और अमेरिका में जहां बिलिनायर की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं चीन में बिलिनायर की संख्या में कमी आई है। अमेरिका में इस वर्ष बिलिनायर की सूची में 84 नए बिलिनायर जुड़े हैं एवं भारत में 32 नए बिलिनायर (21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ) जुड़े हैं तो वहीं चीन में 93 बिलिनायर कम हुए हैं। पूरे विश्व में आज बिलिनायर की कुल संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि वर्ष 2015 में पूरे विश्व में 1757 बिलिनायर थे। भारत में वर्ष 2015 की तुलना में बिलिनायर की संख्या में 123 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। बिलिनायर अर्थात वह नागरिक जिसकी सम्पत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है अर्थात भारतीय रुपए में लगभग 8,400 करोड़ रुपए की राशि से अधिक की सम्पत्ति।

पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में उक्त वर्णित बिलिनायर की सम्पत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई हैं। जबकि अमेरिका में बिलिनायर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। चीन में तो बिलिनायर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में एक लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2024 में एक लाख 40 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। पूरे विश्व में बिलिनायर की सम्पत्ति बढ़कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। उक्त प्रतिवेदन में यह सम्भावना भी व्यक्त की गई है कि आगे आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनायर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परम्परा के अनुसार आगे बढ़ा रहे हैं और भारत में बिलिनायर की संख्या में वृद्धि एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। भारतीय बिलिनायर की संख्या केवल भारत में ही नहीं बढ़ रही है बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनायर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं एवं वे अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेजकर यहां निवेश कर रहे हैं और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के इन नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता आया है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में कार्य कर रहे हैं एवं प्रतिवर्ष वे अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं। हाल ही में वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि वर्ष 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों द्वारा भारत में भेजी गई है। भारत पिछले कई वर्षों से इस दृष्टि पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर कायम है। वर्ष 2021 में 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2022 में 11,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2023 में 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई थी। प्रतिवर्ष भारत में भेजी जाने वाली राशि की तुलना यदि अन्य देशों में भेजी जा रही राशि से करें तो ध्यान में आता है कि वर्ष 2024 में मेक्सिको में 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई थी, जिसे पूरे विश्व में इस दृष्टि से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मेक्सिको में भेजी गई राशि भारत में भेजी गई राशि की तुलना में लगभग आधी है। चीन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है एवं चीन में 4,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई है, फ़िलिपीन में 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं पाकिस्तान में 3,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अन्य देशों में रह रहे इन देशों के नागरिकों द्वारा भेजी गई है। भारत में भारतीय नागरिकों द्वारा अन्य देशों से भेजी जा रही राशि में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, खाड़ी के देशों एवं एशिया के कुछ देशों यथा मलेशिया एवं सिंगापुर का प्रमुख योगदान है। जैसा कि विदित ही है कि प्रतिवर्ष भारत से लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दृष्टि से विकसित देशों की ओर जाते हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत भारतीय युवा इन देशों में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं एवं अपनी बचत की राशि का बड़ा भाग भारत में भेज देते हैं। आज तक भारतीय मूल के इन नागरिकों द्वारा एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई है। भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के संग्रहण में यह राशि बहुत बड़ी भूमिका निभा रही है। वर्ष 2024 में पूरे विश्व में 68,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि विभिन्न देशों के नागरिकों द्वारा अपने अपने देशों को भेजी गई है। यह राशि वर्ष 2023 में भेजी गई राशि से 5.8 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों में निवास कर रहे नागरिकों द्वारा भेजी गई उक्त राशि में से 20 प्रतिशत से अधिक की राशि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीयों द्वारा ही अकेले भारत में भेजी गई है। इस प्रकार, भारतीय मूल के नागरिकों की सम्पत्ति न केवल भारत में बल्कि अन्य देशों में भी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है।

# मोदी युगः मानसिक स्वास्थ्य का क्रांतिकाल

**शिवेश प्रताप**

3 दिसंबर 2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए मोदी सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया। एक ऐसा विषय जिसने मोदी सरकार के इस उत्कृष्ट प्रयास के बारे में बहुत जरूरी चर्चा को जन्म दिया है। मोदी युग ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित किया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल नीतियों में एकीकृत करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी सरकार से पहले, भारत में मानसिक स्वास्थ्य को काफी हद तक नजरअंदाज किया गया और मानसिक बीमारियों को लेकर लोगों में शर्म और भ्रान्ति थी। नरेन्द्र मोदी के शासन में मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव हुआ। **मानसिक स्वास्थ्य और इसका महत्व** भारत में मानसिक स्वास्थ्य गलत समझा जाने वाला विषय बना हुआ था। लगभग 14त्न भारतीयों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होने के बावजूद, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लगभग 80त्न लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी या देखभाल तक सीमित पहुँच के कारण मदद नहीं लेते हैं। मानसिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ मानसिक बीमारी का न होना नहीं है; इसमें भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। एक स्वस्थ दिमाग उत्पादक जीवन, सामंजस्यपूर्ण समाज और संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार है। भारत जैसे देश के लिए जो 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की आकांक्षा रखता है, मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। मानसिक स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत करना अनिवार्य है। भारत का मानसिक स्वास्थ्य परिदृश्य- भारत एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्ख॥ह्र) के अनुसार, भारत की लगभग 7.5त्न आबादी मानसिक विकारों से पीड़ित है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) से पता चला है कि लगभग 15त्न भारतीय वयस्कों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता है, मानसिक स्वास्थ्य ख़राब है और इसके लिए पर्याप्त धन नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि देश में प्रति 100,000 लोगों पर एक से भी कम मनोचिकित्सक हैं, जबकि ङ्ख॥ह्र ने प्रति 100,000 पर तीन मनोचिकित्सक होने की सिफारिश की है। भारत में मानसिक विकारों के लिए उपचार का अंतर 70-92त्न के बीच है और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान का अनुमान 2012 और 2030 के बीच 1.03 ट्रिलियन डॉलर है(ङ्खशह्म्द्यस्र श्वष्शठ्ठशद्वद्बष् स्नशह्म्द्वद्व)। ऐसे चौंकाने वाले आँकड़े मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए मजबूत नीतियों और बुनियादी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।अमेरिका मानसिक स्वास्थ्य पर सालाना 238 बिलियन डॉलर से ज़्यादा खर्च करता है, जहाँ हर 100,000 लोगों पर लगभग 12 मनोचिकित्सक हैं। इसी तरह, यूरोप में मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली अच्छी तरह से विकसित है, जहाँ जर्मनी जैसे देश हर 10,000 लोगों पर 18 से ज़्यादा मनोरोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराते हैं। इस बीच, चीन में 2013 में अपने पहले मानसिक स्वास्थ्य कानून के बाद से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है। **मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम 2017- एक महत्वपूर्ण मोड़** मोदी के नेतृत्व में सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम, 2017, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान पेश किया गया था, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इसके निर्माण और परिचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह अधिनियम भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया था और मई 2018 में लागू हुआ।

अधिनियम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि यह मानसिक बीमारी को मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में मान्यता देता है, यह सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ बहिष्कृत जैसा व्यवहार न किया जाए, बल्कि वे कानून के तहत देखभाल, उपचार और सुरक्षा के हकदार हों। अधिनियम में यह अनिवार्य किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, मानसिक स्वास्थ्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत करके और यह सुनिश्चित करके कि सेवाएँ सभी स्तरों पर उपलब्ध हों। यह आत्महत्या के अपराधीकरण पर भी जोर देता है और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति दयालु, पुनर्वास दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

**आयुष्मान भारत के तहत व्यापक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ**

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल करना, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में जाना जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने 1.73 लाख से अधिक उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सफलतापूर्वक अपग्रेड किया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ जमीनी स्तर पर उपलब्ध हों। ये केंद्र अब मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं, जिसमें आउटपेशेंट परामर्श, मनो-सामाजिक हस्तक्षेप, मूल्यांकन, परामर्श, निरंतर देखभाल और आवश्यक दवाओं तक पहुँच शामिल है।

# पाकुड़ की खबरें

## नववर्ष पर प्रकृति विहार में पर्यटकों की भीड़



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** अमड़ापाड़ा(पाकुड़)नववर्ष के मौके पर स्थानीय प्रकृति विहार पार्क एवं बांसलोई नदी के तट पर बुधवार को सैकड़ों की संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने और घूमने पहुँचे। इस दौरान स्थानीय लोगों और अन्य स्थानों से आए पर्यटकों ने बांसलोई नदी के किनारे पिकनिक मनाकर और पार्क का भ्रमण कर नए साल का स्वागत किया और एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। वहीं प्रकृति विहार पार्क में नव वर्ष के अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। वहीं बच्चे पार्क में लगे झूलों में झूलते नजर आए। नववर्ष के अवसर पर महिलाओं ने एक दूसरे से मिलकर नववर्ष की बधाई दी।नववर्ष पर आमजनों के लिए खुला था पार्क - प्रखंड के एकमात्र हरे-भरे स्थल प्रकृति विहार पार्क में नववर्ष के अवसर पर कई सैलानी घूमने आए। पार्क में हरी भरी वादियों के बीच लोग एक दूसरे की तस्वीर और सेल्फी लेते नजर आए। हवा महल है सबसे खास - पार्क में अवस्थित हवा महल में सैलानियों की भीड़ सबसे ज्यादा देखी गई। वहीं हवा महल से लोग अमड़ापाड़ा की हृदयस्थली कही जाने वाली बांसलोई नदी का खूबसूरत नजारे जा अवलोकन करते नजर आए। इस दौरान पर्यटकों ने अपने परिवार संग हवा महल से बांसलोई नदी और पार्क के खूबसूरत दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए। बताते चलें कि पार्क में निर्मित हवा महल से बांसलोई नदी का खूबसूरत नजारा देखा जा सकता है.प्रशासनिक व्यवस्था थी चुस्त दुरुस्त - नववर्ष के अवसर पर सैलानियों और पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त देखी गई।

## मांसाहार का करें परित्याग, बने शाकाहारी - खुदी महली

**गुमला।** भरनो के बालक मध्य विद्यालय के स्थित जय गुरुदेव आश्रम में बाबा जयगुरुदेव के जन्म दिन के अवसर पर बुधवार को सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जय गुरुदेव बाबा की तस्बीर पर माल्यार्पण और प्रार्थना कर किया गया ।कार्यक्रम में जिला के प्रवक्ता खुदी महली को श्रद्धालुओं ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका**

**ठिका खोबोर सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-67-2024,** भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन आर ओना लागित्, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), राँची-834003 होतेते नोवाको कामीय लागित् ई-ठिकाये नेवतायेत् कानाः **खोबोर सं-: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-67-2024, कामी रेयाक् जुतुमः** हटिया यूनिट लागित् ओपन लाइन रे आपदा प्रबंधन रोलिंग स्टॉक दोहो जोगाव सुबिताको रेयाक् उन्नयन/फ ायलाव। ठिका गोनोङ टाकाः 69,80,482.23, **बायना टाकाः** 1,39,600/- **ठिका रेयाक् मुचात् तारिक आर सोमोयः तारिक** 24.01.2025 हिलोक् 15.00 बजे। ठिकावदारको ऑनलाइन ठिकाय लागित् वेबसाइट www.ireps.gov.in रेको जेल दाड़ेयाक्आ। (**PR -967)**

## 4 जनवरी को की जाएगी सर्वाइकल कैंसर और मोतियाबिंद की निःशुल्क जांच : डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। 4 जनवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ में स्वास्थ्य हूल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर समाहरणालय परिसर से उपायुक्त व सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा 4 जनवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य हूल महोत्सव में रांची रिम्स के अनुभवी डॉ भारती कश्यप एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ मेले में शामिल होंगे।जिले के वैसे महिला जिनको सर्वाइकल कैंसर हो या मोतियाबिंद से संबंधित समस्या हो वैसे महिलाओं का निःशुल्क जांच किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर राज्य स्तर पर ईलाज किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा की वैसे महिलाएं जिनको सर्वाइकल कैंसर हो या मोतियाबिंद के समस्या से जूझ रहे हैं स्वास्थ्य हूल महोत्सव में शामिल होने का अपील किया। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों के लोगों को 4 जनवरी को आयोजित होने वाले हेल्थ हूल महोत्सव के बारे में संदेश देगी। ताकि लोग इसका लाभ उठा सके।





## कैलाशनगर प्रीमियर लीग द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।** अंग्रेजी नव वर्ष के अवसर पर पाकुड़ नगर के वार्ड नंबर 11 के कैलाश नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कैलाशनगर प्रीमियर लीग के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस नेत्री सह निवर्तमान पार्षद मोनिता कुमारी ने फीता काट कर टूर्नामेंट की शुरुआत की । प्रत्येक वर्ष नए साल के उपलक्ष पर कैलाश नगर प्रीमियर लीग दो दिवसीय टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है । पांच ओवर के खेल में गुमानी,कोटालपोखर पाकुड़ आदि के कुल आठ टीम प्रतियोगिता में शामिल होते हैं। मुख्य अतिथि मोनिता कुमारी अपने अभिवादन में सभी टीमों के खिलाड़ियों से कहा कि हमारे झारखंड के ही खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी है जो पूरे विश्व में विख्यात है। मन लगा कर खेलें और जिले सहित राज्य का नाम रौशन करें।

## महाकाल शक्तिपीठ मंदिर में कल्पतरु पूजन व प्रसाद वितरण



**पाकुड़ ।** बुधवार को तलवाडंगा स्थित महाकाल शक्तिपीठ मंदिर में कल्पतरु की पूजन विधि विधान के साथ पुरोहित रोहित दास द्वारा करवाई गई। कल्पतरु दिवस के अवसर पर सत्य सनातन संस्था ने हाटपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर के समीप श्री हनुमान जी के पूजन, आरती के उपरांत सत्य सनातन संस्था ने निशुल्क शिविर लगाकर हजारों लोगों के बीच प्रसाद स्वरूप पुड़ी, बुंदिया, सब्जी एवं हनुमान चालीसा का वितरण किया गया ।संस्था के सदस्यों ने रथ से कई मोहल्लों में प्रसाद का वितरण किया। सत्य सनातन संस्था के अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे ने कहा कि जहां कलेंडर दिवस पर कुछ सनातनी लोग अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूल कर, आधुनिकता की चका - चौध में अच्छे - अच्छे पकवान, बनाकर ग्रहण करते है वहीं कई लोग इन सब से वंचित रहते है , इसीलिए सत्य सनातन संस्था विगत 6 वर्षों से कल्पतरु दिवस पर हजारों लोगों को प्रसाद स्वरूप पुड़ी, सब्जी , बुंदिया को प्रसाद स्वरूप वितरण करते है । इसी निमित्त इस वर्ष भी कल्पतरु दिवस को उपलक्ष पर सत्य सनातन संस्था यह कार्यक्रम के साथ ही हनुमान चालीसा का भी वितरण किया । मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष अमर ठाकुर के पिता स्व देवानंद ठाकुर, व संस्था के सदस्य मिंटू गिरी की माता स्व कलावती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम में मातृशक्ति सोनी सिंह, निवेदिता पाण्डेय, कोमल स्नेहा, राजवी चौबे ,ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया,मौके पर उपाध्यक्ष गौतम कुमार, आर पी सिंह, यादव, सत्यम भगत,अमित साहा, शानू रजक,विशाल यादव,अभिजीत आनंद, कमल किशोर , निपेंद्र उपाध्याय,हर्ष भगत,अजय भगत,संदीप त्रिवेदी, रवि भगत, विक्की श्रीवास्तव ,सत्यम कृष्णा, चंदन प्रकाश,राजेश भास्कर, उदय लखवानी , दिलीप सिंह, हरे राम चौबे,संतोष टिबरीवाल, रमन मिश्रा, किशन भगत, हिमांशु शेखर,मयंक कुमार ,यश कुमार ,एवं दर्जनों उपस्थित रहे।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण




पाकुड़। समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की निरक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था ,ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे आदि की जानकारी हासिल की। मालूम हो की जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निरीक्षण करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

## 12वीं मां चंचला महोत्सव को लेकर निकाला गया प्रचार वाहन, अध्यक्ष ने किया रवाना



**जामताड़ा ।** बुधवार को माँ चंचला मंदिर प्रांगण से पुरे विधि विधान के साथ माता रानी की पूजा अर्चना के उपरांत महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने माँ चंचला महोत्सव प्रचार रथ रवाना किया।.प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष माँ चंचला द्वादश वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में आगामी 16जनवरी को माँ चंचला महोत्सव समिति के तत्वावधान में कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भी आगामी 16, 17 और 18 जनवरी को माँ चंचला वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।.तीन दिवसीय महोत्सव में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के साथ दीपोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इसी निमित्त आज महोत्सव के प्रचार हेतु चार प्रचार रथ रवाना किया गया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जनवरी को त्रिदिवसीय माँ चंचला वार्षिक महोत्सव के प्रचार प्रसार हेतु मंदिर के पुजारियों द्वारा विधिवत रूप से पूजन कर माँ चंचला महोत्सव प्रचार रथ को रवाना किया गया। जिस प्रकार माता रानी की असीम कृपा से सभी भक्त जनों के सहयोग से एकादस वार्षिक महोत्सव को बड़े ही ऐतिहासिक रूप से मनाया गया था, इस वर्ष भी माता रानी की असीम कृपा से सभी भक्तजनों के सहयोग से द्वादश वार्षिक महोत्सव को बड़े ही ऐतिहासिक रूप से भक्ति पूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से राजा अजित कुमार सिंह, मोहन लाल वर्मण, विजय भगत, पशुपति देव, त्रिलोचन पांडे, तमाल मित्र, प्रेम शंकर प्रसाद, विनय मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, अरविंद दास, गौर बाउरी, तारिणी पाल, मंटू मंडल के अलावा काफी संख्या से लोग उपस्थित थे।

# भीमा-कोरेगांव की शौर्यगाथा को सलाम, मधुपुर में मंत्री हफीजुल ने किया रथयात्रा का भव्य शुभारंभ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** नव वर्ष 2025 की शुरुआत धूमधाम से हुई जब मधुपुर कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ÷शौर्य गाथा दिवस की ऐतिहासिक रथयात्रा को माननीय मंत्री हफीजुल हसन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथयात्रा सात दिनों तक गाँव-गाँव में भ्रमण करेगी, जागरूकता फैलाएगी और महार जाति के अद्वितीय इतिहास को उजागर करेगी। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा, ÷1 जनवरी 1818 का दिन हमारी सामूहिक चेतना में महार जाति के वीरता और गौरव के प्रतीक के रूप में अमर है।भीमा-कोरेगांव की लड़ाई में केवल 500 महार योद्धाओं ने 28,000 पेशवा सैनिकों को पराजित किया, यह इतिहास में आत्मसम्मान और न्याय की मिसाल है।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसे हमेशा हमारी गौरवशाली धरोहर बताया। यह दिन हमारे लिए प्रेरणा और सम्मान का प्रतीक है।÷ यह अनोखी रथयात्रा मधुपुर के सामाजिक नेता संतोष बौद्ध की अगुवाई में शुरू हुई। इसका समापन सातवें दिन बड़े कार्यक्रम के साथ बड़ा संघरा गाँव में होगा! कार्यक्रम के दौरान भीम आर्मी के प्रदेश प्रभारी राजेश कुमार दास ने कहा, ÷महार जाति ने हर चुनौती का डटकर सामना किया और कभी झुकना नहीं सीखा। इस रथयात्रा के माध्यम से हम अपनी विरासत और शौर्यगाथा को नई पीढ़ी तक पहुँचाना चाहते हैं।÷ कार्यक्रम में कुंदन भगत, प्रकाश दास, राजेंद्र दास, इंद्राणी देवी, अर्जुन दास, बृज नंदन दास,गुलाम अशरफ ( राजू ), गंगा दास, हलिम अंसारी, पंकज दास, बबलू दास, किशोर दास, और राजीव दास जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह रथयात्रा केवल एक जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि यह बाबा साहब के आदर्शों और महार योद्धाओं की वीरता का उत्सव है। इस पहल के माध्यम से मंत्री हफीजुल हसन ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ एकता, समानता और न्याय के महत्व को दोहराया। ÷शौर्य गाथा दिवस÷ की इस पहल के लिए आयोजकों ने मंत्री हसन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जय शिव साह के स्मृति में स्थानीय बलसरा गाँव में साहित्य समागम भारत के तत्वाधान में दो दिवसीय विचार गोष्ठी,कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर खागड़िया के शिव कुमार सुमन संस्थापक अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच,बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षत्ता प्रलेस के जिला अध्यक्ष प्रो रामनंन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन खागड़िया,सहरसा,मधेपुरा,गोड्डा, भागलपुर सहित देवघर शहर के कविओं का सम्मान अंग वस्त्र, मोमेंटो व सम्मान पत्र देकर किया गया। जय शिव साह की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच के संस्थापक शिव कुमार सुमन को

जय शिव साह स्मृति साहित्य सम्मान - 2024 विशेष सम्मान से सम्मानित किया तत्पश्चात खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा,भागलपुर,गोड्डा, सहित देवघर के कवियों व साहित्य कारों ने अपने - अपने विचार रखें।

कार्यक्रम के दूसरे दिन नववर्ष का स्वागत कवियों ने कविता पाठ कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव कुमार सुमन ने कहा कि साहित्य समाज का आइना होता है। वह समाज में व्याप्त कुरीतियों को उजागर करता है। जो है जैसा है समाज के सामने मजबूती से रखता है। उन्होंने ÷ कोई भाषण, कोई नारा नही हूँ मैं। किनारा हूँ कोई धारा नही हूँ मैं,गजल से लोगो कोई आकर्षित किया। गोड्डा से आये कवि डॉ ब्रह्मदेव कुमार ने अंगीका गीत सुनकर - सुनो,सुनो हो भाय,सोनम झा ने वीर शहीद को याद करते हुए कविता पढ़ी। कवि रवि शंकर साह ने कहाँ गये ? मस्ती वाले को सुनाया।खगड़िया के कवि आनंद भूषण श्रीवास्तव,कृष्ण कुमार,मधु देवी, नंद किशोर कुमार , सहरसा के कांति कुमार, ने कविता पाठ किया.खोरठा कवि कपिलदेव राणा ने अपनी कविता के माध्यम से देवघर का परिचय कराया। खोरठा कवि फाल्गुनी मरीक कुशवाहा ने नया साल आलो कविता के माध्यय से नववर्ष का स्वागत किया। अशोक पाण्डेय, पी सी झा, आर के ठाकुर, प्रशांत कुमार सिन्हा, प्रो रामनन्दन सिंह आदि ने अपनी प्रतिनिधि रचना का पाठ कर लोगो को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी.इस अवसर पर साहित्यप्रेमी आर के ठाकुर, कथाकर प्रशांत कुमार सिन्हा,पी सी झा , वार्ड सदस्य राजेश ठाकुर,ग्रामीण प्रेम नाथ केशरी, मनोज राउत,एकानंद झा, आशीष कुमार,वीर कुमार,शिवांश कुमार,रंजीत यादव,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कवि उमाशंकर राव उरेंदु ने किया। साथ ही स्व . जय शिव साह के द्वितीय पुत्र दीपक कुमार ने सभी अतिथियों व आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नए साल के जश्न में सराबोर हुए मधुपुर के पिकनिक स्पॉट्स

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** मधुपुर के पिकनिक स्पॉट्स पर नए साल का जश्न धमाकेदार तरीके से मनाया गया।बुढ़ी बगीच, बुकलिया झरना और अन्य पिकनिक स्थलों पर बुधवार सुबह से ही युवाओं और महिलाओं की टोलियां उमड़ पड़ीं। पूरे जोश और उत्साह के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत किया। जश्न की तैयारी पहले से ही जोरों पर थी, और बुधवार को लोग पूरी तरह मस्ती में डूबे रहे। बुढ़ैई पहाड़, सिकटिया बराज जैसे प्रमुख स्थलों पर परिवार और दोस्तों के साथ आए लोगों ने जमकर नाच-गाना किया और खुशियों में चार चांद लगाए।खाने-पीने का भी खास इंतजाम था, जहां लोगों ने तरह-तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।



एक-दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। कुछ ने गले मिलकर अपनी भावनाएं जाहिर कीं, तो कुछ ने मोबाइल पर संदेशों के जरिए अपनी खुशियां साझा कीं। पुलिस प्रशासन ने भी सभी पिकनिक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया था, जिससे लोगों को शांति और सुरक्षा का अहसास हुआ। कुल मिलाकर, मधुपुर के पिकनिक स्पॉट्स पर नए साल का जश्न एक यादगार और जोशीला अनुभव साबित हुआ।

# नए वर्ष का जश्न मना कर लौट रहे दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया परमेश्वर दयाल रोड के पास बुधवार अहले सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ नए वर्ष का जश्न मना कर वापस लौट रहे थे। मृतक की पहचान 25 वर्षीय नीरज रजक और 22 वर्षीय नीतिश कुमार के रूप में हुई है। दोनों युवक नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया सलौनाटांड मोहल्ला का निवासी था। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार, नीरज और नीतिश नए साल के आगमन को लेकर अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। पार्टी के दौरान खाना-पीना और नाच-गाने का दौर चला। वापस लौटते समय बाइक की गति तेज कर युवक उसे चला रहा था। युवक बरमसिया चौक स्थित बीएड कॉलेज मोड़ के पास जब पहुंचा तो बाइक की गति इतनी अधिक थी कि अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक बाइक से गिर पड़ा। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने त्वरित घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को देवघर सदर अस्पताल




भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद दोनों के परिवार वाले अस्पताल पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे और रो-रो कर परिजनों का बुरा हाल हो गया।

**तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ**

बाइक सवार दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। हेलमेट नहीं पहनने के कारण दोनों के सिर पर गहरी चोटें आई। बाइक की रफ्तार काफी अधिक रहने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और यह दुर्घटना हो गई। अगर दोनों युवकों ने हेलमेट पहना रहता और बाइक की गति नियंत्रित रखी होती तो शायद यह हादसा टल सकता था।

# आपत्तिजनक स्थिति में मिले युवक व महिला को ग्रामीणों ने बनाया बंधक



**संवाददाता**

**रामगढ़(दुमका) ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के धोबा पंचायत अंतर्गत जोगिया बाराटोली गांव में मंगलवार की रात ग्रामीणों ने गांव की एक महिला को पथरिया गांव के एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़कर रातभर बंधक बनाकर रखा। बुधवार को ग्रामीणों ने युवक एवं महिला के स्वजन के गांव पहुंचने पर उन्हें बंधक मुक्त करते हुए दोनों पर डेढ़ लाख रुपया का जुर्माना लगाया। बुधवार शाम तक मामले को लेकर गांव में पंचायती चल रही थी। समाचार लिखे जाने तक महिला एवं युवक के स्वजनों द्वारा इतना जुर्माना नहीं देने की बात कही जा रही थी। जानकारी के अनुसार बाराटोली गांव के प्रेम हांसदा बलियाम गांव के एक युवती सुकुरमुनी मरांडी को तीन वर्ष से अपने घर में लाकर पत्नी की तरह रख रहा था। प्रेम एवं सुकुरमुनी की एक वर्ष की एक बेटी भी है। सुकुरमुनी एवं प्रेम कुछ माह पूर्व मजदूरी करने के लिए बंगाल गये थे। वहां सुकुरमुनी की दोस्ती पथरिया गांव के जीतन मुर्मू से हो गई। दोनों के बीच दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों मोबाइल पर घंटों बातें करते थे। मंगलवार को प्रेम हांसदा किसी काम से बाहर गया हुआ था। इसी बीच सुकुरमुनी ने जीतन मुर्मू को अपने घर बुला लिया। मंगलवार की रात नौ बजे जब प्रेम हांसदा अपने घर पहुंचा तो घर में उसकी बेटी खाट पर अकेले सोई हुई थी और वह रो रही थी। इसके बाद वह अपनी पत्नी सुकुरमुनी मरांडी को ढूंढने लगा। उसने इसकी जानकारी गांव वाले को भी दी। ग्रामीणों एवं प्रेम ने अपने घर के पीछे सरसों के खेत में सुकुरमुनी एवं उसके आशिक जीतन को रात लगभग 11 बजे आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। इसके बाद दोनों को रस्सी से बांधकर रात भर रखा एवं सुबह दोनों के स्वजनों को सूचना दी। प्रेम हांसदा का कहना था कि अब वह अपनी पत्नी सुकुरमुनी हांसदा को अपने साथ नहीं रखेगा। वह अपने छोटे बच्चों को पाल लेगा इसलिए वह बच्चों को पालने के लिए खर्च मांग रहा था। इसी पर ग्रामीणों ने सुकुरमुनी एवं जीतन पर डेढ़ लाख रुपया का जुर्माना लगाया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पंचायती ही चल रही थी।

# 14 पैसेंजर ट्रेनों,10 डेमू और 91 मेमू सेवाओं को नए ट्रेन नंबर दिए गए

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 01 जनवरी, 2025 से प्रभावी अपनी संशोधित ट्रेन समय सारणी के कार्यान्वयन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह व्यापक अपडेट ट्रेन शेड्यूल में महत्वपूर्ण बदलाव लाता है, जिसे यात्री सुविधा बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रमुख संशोधनों में संशोधित समय, ट्रेन की आवृत्ति में वृद्धि और चयनित सेवाओं का पुनर्संख्यांकन शामिल है। नई



समय सारणी के तहत 18 महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के समय को संशोधित किया गया है। इसमें 22310 भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, 13015 हावड़ा-जमालपुर कवि गुरु एक्सप्रेस, 22309 हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस और 12260 बीकानेर-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस जैसी प्रमुख सेवाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मेमू और डेमू सेवाओं सहित 49 पैसेंजर ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है, ताकि परिचालन को आसान बनाया जा सके और यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके। यात्री अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए 38 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की गति बढ़ा दी गई है, जिससे उनकी यात्रा अवधि 05 से 55 मिनट कम हो गई है। ये बदलाव समय की पाबंदी में सुधार और अपने यात्रियों के लिए कुल यात्रा समय को कम करने के लिए मंडल के चल रहे प्रयासों को दर्शाते हैं। इसके अलावा, 14 पैसेंजर ट्रेनों, 10 डेमू सेवाओं और 91 मेमू सेवाओं को नए ट्रेन नंबर दिए गए हैं। यह पुनर्सं - ख्यांकन पहल ट्रेन परिचालन को सुव्यवस्थित करने और यात्रियों के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाते समय स्पष्टता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने बताया यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट की गई ट्रेन समय-सारणी की समीक्षा करें और उसके अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं। संशोधित समय-सारणी भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) वेबसाइट और पूरे मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध है।

## लोगों ने धूमधाम से मनाया नववर्ष

**देवघर।** सारवां प्रखंड क्षेत्र में नववर्ष धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों में नववर्ष का काफी उत्साह दिखाई दिया। नया साल मनाने के लिए लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचे। पिकनिक स्पॉट डकाय आनंद वन, अजय नदी का बनवरिया घाट, नवाडीह घाट, तुतरा पहाड़ी घोरपरास जंगल आदि स्थानों पर लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। भोजन में कहीं वेज तो कहीं नॉनवेज पकाया गया। कहीं- कहीं डीजे के धून पर लोगों ने खूब मस्ती की।

# पर्यटन स्थल सह गर्म जलकुंड तातलोई में उमड़ने लगी है सैलानियों की भीड़



**संवाददाता**

**जामा(दुमका) ।** सूबे की उपराजधानी दुमका से 20 किलोमीटर दूर एवं जामा प्रखंड मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूरी पर स्थित दुमका भागलपुर पथ से जाने वाली पहाड़ी की गोद में प्राकृतिक छटाओं के बीच जंगल की तराई से निकला तातलोई गर्म जलकुंड दुमका जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में सुमार है, जो हर साल, हर दिन सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता हैं। यूं तो सालों भर सैलानियों का यहां आना जाना और गर्म जल कुंड में डुबकी लगाने का सिलसिला लगा रहता है, लेकिन बड़ा दिन और नव वर्ष पर पिकनिक मनाने एवं मकर सक्रांति में गर्म जल कुंड में आस्था की डुबकी लगाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

तातलोई की विकास यात्रा की बात करें तो प्रशासनिक पहल पर 1981 में तत्कालीन कमिश्नर अरुण कुमार पाठक ने तीन जल कुंड एक कूप और एक विश्राम गृह बनवाया था। इसके पहले ग्रामीण गर्म जल धारा में नहा कर आनंद उठाते थे। मान्यता है कि पानी में गंधक की मात्रा होने ओर प्राकृतिक झरनों में जंगली जड़ी बूटी का मिश्रण होने से नहाने वाले लोगों का त्वचा संबंधी रोग मिट जाते हैं।

**तातलोई में विकास कार्य और उपलब्ध सुविधाएं**

सरकार ने श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए अब तक चार जल कुंड ,एक कूप एवं दो यात्री सेड का निर्माण कराया है। पिछले दो वर्षों में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर तातलोई स्थित भुरभुरी नदी में पुल, पक्की सड़क और जल कुण्ड के बगल में दो गोलंबर यात्री सेड , शौचालय तथा महिलाओं के लिए स्नान कर कपड़े बदलने की कक्ष के निर्माण से यात्रियों को सुखद अनुभव मिल रहा है।

**कैसे जाएं तातलोई**

दुमका- भागलपुर मुख्य मार्ग बारापलासी बाजार से लगभग 4 किलोमीटर उत्तर पूर्व पक्की सड़क मार्ग से तातलोई जाने के लिए ओटो,टेंपो निजी वाहनों की सवारी सुविधा उपलब्ध है। वहीं काफी संख्या में रिजर्व बस एवं निजी दो पहिया चार पहिया वाहनों से भी श्रद्धालु पिकनिक मनाने एवं डुबकी लगाने आते हैं।

**क्या है मुख्य आकर्षण का केंद्र एवं मान्यता**

प्राकृतिक छटाओं से घिरे भुरभुरी नदी के किनारे स्थित तातलोई गर्म जलकुंड पिकनिक मनाने वालों और सेनानियों को आकर्षित करता है।बड़ा दिन से सैलानियों का आगमन शुरु होता है। नए साल में पिकनिक मनाने वालों का तांता लगा रहता है लेकिन मकर सक्रांति में लगने वाले तीन दिवसीय मेले में मकर स्नान करने और मेले का आनंद उठाने परिवार के साथ आना पसंद करते हैं तो वहीं साफा होड़ के लिए दिन प्रति दिन तीर्थ स्थल के रूप में प्रसिद्धि मिल रही है। दुमका ,साहेबगंज ,गोड्डा आदि जिले से साफा होड़ अपने अपने धर्मगुरु के साथ डुबकी लगाने हर साल यहां आते हैं। मान्यता है कि साफा होड़ अपने आप को पवित्र बनाने, और धर्म गुरुओं से आशीर्वाद लेने, अपने इष्ट देव मरांग बुरू का आशीर्वाद पाने हर साल यहां आते हैं और तीर्थ स्थल पर डुबकी लगा कर अपने इष्ट देव का पूजा अर्चना कर और सारे बुराईयों से मुक्ति पाते हैं।

काफी संख्या में अलग अलग समूह में साफा होड़ अपने अपने धर्म गुरुओं के साथ आकर नेम निष्ठा के साथ डुबकी लगाते हैं और अपने इष्ट देव मरांग बुरु शिव या राम की पूजा अर्चना करते हैं। दूसरी प्रमुख मान्यता है कि यहां डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का चर्म रोग एवं पेट संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। धार्मिक मान्यता है कि संक्रांति पर डुबकी लगाने से तन मन की पवित्रता एवं सुद्धि और सिद्धि प्राप्त होता है। वहीं स्थानीय लोग मेले में सभी प्रकार के जरूरत की सामग्री कृषि उपकरण और घरेलू उपयोग की सामग्री की खरीददारी करते है। साथ ही बच्चों और बढ़ों के लिए भी मनोरंजन के लिए एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिससे मेले का आकर्षण बढ़ जाता है।

इस दौरान प्रशासन के अलावा स्थानीय आयोजन समिति भी सुरक्षा और सहयोग में मुस्तैद रहते हैं।

इस वर्ष प्रशासन द्वारा मेले की तैयारी शुरू कर दी गई है। जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी, प्रशिक्षु आईएएस अभिनव प्रकाश ने तातलोई गर्म जल कुंड एवं मेला स्थल का विशेष मुआयना कर यात्रियों की सुविधा बहाल कराने का निर्देश दिए हैं। और मेले से पूर्व जल कुंड एरिया का चहारदीवारी करने, जलकुंड एरिया और मेले स्थल तथा यात्री सेड शौचालय आदि का साफ सफाई, रंगाई पुताई कराने, स्थाई डस्टबिन कूड़ा दान लगाने का निर्देश दिया गया है।

**पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होना अभी बांकी है**

जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि संस्कृति हमारी धरोहर है इसकी रक्षा करना हमारा दायित्व है।

स्थानीय लोगों में गोकुल बिहारी सेन शिवेंद्र जायसाल, प्रेम कुमार साह,भदेश्वर मरीक, बिनोद कुमार यादव, आदि का कहना है कि सरकार तातलोई जलकुंड को पर्यटन स्थल में विकसित करने का दावा अब तक सफेद हाथी साबित हो रहा है जलकुंड के आसपास साफ सफाई कराया जाता है लेकिन मेला आते आते जल कुंड एवं स्नान गृह के आस पास काफी गंदगी फैल जाती है देखरेख के अभाव में गंदगी का अंबार लग जाता है। कई बार लोग यहां आकर भी नहा भी नहीं पाते हैं पानी में गंदगी के कारण नहाने में झिझक होती है।

वहीं शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की उत्तम और प्रयाप्त ब्यवस्था नही है। शौचालय और वस्त्र बदलने के लिए सेड का निर्माण तो हुई है। परंतु नियमित देख रेख के अभाव में उपयोगी नहीं बन पाई है।

पेयजल की काफी समस्या भी गम्भीर है चापाकल एक चापाकल के भरोसे छोड़ दिया जाता है।

सरकार ओर प्रशासन की ओर से कई बार सौंदर्यीकरण हेतु कदम उठाए गये परन्तु सरकारी विभाग द्वारा एक नया तालाब एवं कई साल पहले जल कुंड का जीर्णोद्धार हुआ है जो ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत साबित हुई है। हाल में क्षेत्र में पक्की सड़क और पुल का निर्माण कार्य किया गया है लेकिन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होना अभी बाकी है।

बृहद सौदर्यीकरण का मामला ठंडे बस्ते डाल दिया गया है। गोकुल बिहारी सेन ने बताया कि स्नान के दौरान पुरुष सैलानी तो कुंड में कहीं भी खुलेआम डुबकी लगा लेते हैं परंतु महिलाओं को व्यवस्था के अभाव में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लकड़ा पहाड़ी गांव के शिवेंद्र जायसवाल ने कहा कि यहां पर्यटनस्थल की । असीम संभावना दिखाई देती है झारखंड सरकार तातलोई को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहिए। बारा पलासी के सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार यादव ने कहा कि बाहर से आए सैलानियों और यात्रियों की ठहरने की सुविधा के लिए एक बृहत धर्मशाला बनाने की आवश्यकता है। गाड़ी पार्किंग, चिड़ियाघर , झूला और सुंदर पार्क विकसित करने की आवश्यकता है।

**आसनसोल मंडल होते लाहान्ती बाबो़त का़मीय ला़गित् ट्रेनको रेयाक् सामबड़ाव बेबो़सता**

आसनसोल मंडल रेयाक् झाझा-सीतारामपुर शाखा रे फुट ओवरब्रिज ओ़चो़ग, सीमित उसूल रेयाक् सबवे आर फुट ओवरब्रिज था़पित ला़गित्, ता़रिक 05.01.2025 **(आठवार)** हिलोक् **पावर आर ट्रैफिक ब्लॉक** रेयाक् जा़रूडो़क्आ। नोआ लेकाते, ट्रेन हिजुगो़क् रे नोवाको बेबो़सता आकाना। ◆**ता़रिक 04.01.2025 हिलोक् पैसेंजर मेमू रद्द ताहेंना:** 63571 जसीडीह-मोकामा मेमू। ◆**ता़रिक 05.01.2025 हिलोक् पैसेंजर मेमू रद्द ताहेंना :** (1) 63562 बैद्यनाथ धाम-आसनसोल मेमू, (2) 63298 झाझा-देवघर मेमू, (3) 63209 देवघर-पटना मेमू, (4) 63572 मोकामा-जसीडीह मेमू, (5) 63561 आसनसोल-जसीडीह मेमू, (6) 63570 बैद्यनाथ धाम-आसनसोल मेमू, (7) 63545 अंडाल-जसीडीह मेमू, (8) 63546 जसीडीह-अंडाल मेमू, (9) 63565 जसीडीह-झाझा मेमू, (10) 63566 झाझा-जसीडीह मेमू, (11) 63573 जसीडीह-किऊल मेमू, (12) 63574 किऊल-जसीडीह मेमू। ◆**मेल/ एक्सप्रेस रद्द ताहेंना:** 13319 दुमका-राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 05.01.2025)। ◆**खाटो़न सांगार मुचा़त्/खाटो़न सांगार एहो़ब:** पैसेंजर/मेमू: 63509/10 बर्द्धमान-झाझा-बर्द्धमान मेमू, (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 05.01.2025)। आसनसोल रे खाटो़न सांगार मुचा़त्/ खो़न खाटो़न सांगारे एहो़बा। ◆**मेल/एक्सप्रेस: (1) 17321 वास्को-द-गामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 03.01.2025) चित्तरंजन रे खाटो़न सांगार मुचा़दो़क्आ। (2) **18183/84 टाटानगर-बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 05.01.2025)। आसनसल आर बक्सर ताला सेवा रद्द तुलुच् आसनसोल रे खाटो़न सांगार मुचा़द/ खो़न खाटो़न सांगारे एहो़बा। ◆**ट्रेन रेयाक् हो़र बो़नो़दो़ल: (1) 12304 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 04.01.2025)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय-धनबाद-सीतारामपुर सेच् ते हो़रे बो़नो़दो़ला। **(2) 12326 नंगल डैम- कोलकाता गुरूमुखी सुपर फास्ट एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 04.01.2025)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय-धनबाद सेच् ते हो़रे बो़दो़ला। **(3) 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 04.01.2025)। किऊल-रामपुरहाट-बर्द्धमान सेच् ते हो़रे बो़दो़ला। **(4 ) 13331/32 धनबाद-पटना-धनबाद इंटर सिटी एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 05.01.2025)। बानार नाखाको रे गया सेच् ते हो़रे बो़दो़ला आर **(5) 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस** (सांगार एहो़बो़क् ता़रिक 04.01.2025)। किऊल-रामपुरहाट-सीतारामपुर-अंडाल-आसनसोल सेच् ते हो़रे बो़दो़ला। ◆**ता़रिक 05.01.2025 हिलोक् पुनर्निर्धारण: (1) 12317 कोलकाता-अमृतसर अका तख्त एक्सप्रेस** 2 घंटा 10 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(2) 22197 कोलकाता-वीजीएल झांसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस** 1 घंटा 30 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(3) 22500 वाराणसी-देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस** 40 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(4) 22499 देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस** 40 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(5) 17006 रक्सौल-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस** 1 घंटा 20 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(6) 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** 2 घंटा 50 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(7) 22347 हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस** 2 घंटा 50 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(8) 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल** 5 घंटा 20 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। **(9) 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल** 5 घंटा 20 मिलिट ला़गित् पुनर्निर्धारित गोटाक्आ। सांगारिया़को ठेन आरो़ज मेनाक्आ जे स्टेशनको रेयाक् जनसंबोधन प्रणाली रो़ड़को पालोनपे। असुबिता ला़गित् इका़।

**वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

नोण्डे ञेलप : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जमीन विवाद में चाकू से हमले में महिला समेत दो लोग घायल

**संवाददाता**

साहिबगंज।जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा पचगढ़ सिंगाडी गांव में जमीन के घरेलू विवाद में दो भाई आपस में भिड़ गए।जिसमें महिला समेत तीन लोग घायल हो गया।तीनों घायल को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। बताया जा रहा है कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिगाडी गांव जमीनी विवाद में दो भाई आपस में भिड़ गए।घायल में चपडी रिख्यासन 27 वर्षीय व उनकी पत्नी 22 वर्षीय कौशल्या देवी व भाई बबलू रिख्यासन 30 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गया इधर घायल चपडी की पत्नी रिख्यासन की पत्नी कौशल्या देवी ने बताई की हम अपना घर पर रह रहे हैं और हमारे देवर बोलता है कि तुम नहीं रहोगी इसी बात को लेकर बबलू रिख्यासन ने चाकू से हमला



कर दिया।जिसमें पति और पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।घायल महिला ने अन्य लोगों पर भी मारपीट का आरोप लगाया है।वहीं दूसरे पक्ष के घायल व्यक्ति बबलू रिख्यासन की पत्नी शोभा देवी ने आरोप लगाते हुए बताई की ठेकेदार से पैसा लिया था,चपडी रिख्यासन,शीला देवी,मंजू देवी,नगीना रिख्यासन ने ठेकेदार से एक लाख सत्तर हजार रुपए लिया था कि काम की सिलसिले में गाजियाबाद जाना है और गाजियाबाद नहीं गया और मेरा पति जब दूसरे जगह जाने लगा काम करने के लिए तो मेरे पति को बंगाल के फरक्का में पकड़ लिया

बताया गया कि तुम्हारे भाई पैसा लिया है दो पैसा तब इसको छोड़ेंगे इस बात को जानकारी मिलते ही हम लोग दो से तीन बार छुड़ाने के लिए गए बोल रहा था पैसा लेकर आओ तब छोड़ेंगे तो हमारा पापा का जमीन रखकर अपने पति को छुड़ाएं जब पैसा मांगते हैं तो झगड़ा झंझट करता है।इस बात पर चपड़ी रिखियासन और उनके परिजनों ने किसी धारदार चीज से हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने फांसी के फंदे लगाकर की आत्महत्या



**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला सकरोगढ़ मोहल्ले में एक विवाहिता महिला ने मंगलवार की शाम अपने ससुराल में ही पंखे से फांसी के फंदे लगा ली।परिजनों ने आनन फानन सदर अस्पताल लाया अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि नया टोला सकरोगढ़ निवासी गोपाल कुमार मंडल की 21 वर्षीय विवाहिता पत्नी नेतूला कुमारी अपनी ससुराल में ही दुपट्टे के सहारे पंखे से फांसी के फंदे लगाकर अपने जीवन लीला को समाप्त कर ली वही परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी के घरेलू विवाद में पत्नी ने अपने कमरे में ही फांसी के फंदे लगाकर अपने जीवन लीला को समाप्त कर ली वही मृतका की मायका छोटा पचगढ़ में थी।जहाँ तीन वर्ष पूर्व मृतिका नेतुला कुमारी के विवाह नया टोला सकरोगढ़ में गोपाल कुमार मंडल के साथ हुई थी।मृतका अपने पीछे दो वर्ष की एक पुत्री चांदनी कुमारी को छोड़ गए इधर परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है.पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गए।

## पत्रकार को पितृ शोक

**साहिबगंज।** शहर के कुलीपाड़ा, कृष्णा नगर निवासी एक न्यूज चैनल के पत्रकार संजीव सागर के पिता सेवानिवृत रेल कर्मी 85 वर्षीय रामचंद्र का सोमवार को निधन हो गया। रामचंद्र 2011 में रेलवे आईओडब्ल्यू चतुर्थ वर्गीय पद पर सेवानिवृत हुए थे। बुधवार को स्थानीय मुनिलाल श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। छोटे पुत्र संजीव सागर में पिता को मुखाग्नि दी। रामचंद्र के बड़े पुत्र मनोज तांती का 2006 में निधन हो गया था। रामचंद्र अपने पीछे पत्नी द्रौपती देवी, पुत्र राजकुमार तांती, ओमप्रकाश तांती, संजीव सागर, पुत्री रूपा कुमारी, राधिका कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इधर उनके निधन पर जिला भर के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

## बढ़ती ठंड में गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एखलाक नदीम के नेतृत्व में इस कड़ाके की ठंढ को देखते हुए रेलवे स्टेशन के आस पास के लगभग दो दर्जन से अधिक गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। एखलाक नदीम ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अधिक ठंड पड़ने पर वे और उनके कार्यकर्ता गरीब एवं असहाय लोगो को कम्बल बाटने का कार्य करते आ रहे है। इस वर्ष भी और भी कहीं आवश्यकता पड़ी तो वे और उनके कार्यकर्ता गरीबों के बीच कम्बल बांटने का काम करेंगे ताकि इस ठंढ में लोगों को कुछ राहत मिल सके।इस मौक़े पर मुहम्मद अकरम, सोनू राज़ आकाश चौधरी, मोहम्मद फ़िरोज़, उमेश मंडल, साकिब रब्बानी सभी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य हूल महोत्सव मेला को लेकर अंतिम तैयारी में जुटा विभाग



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज। स्वास्थ्य हूल महोत्सव मेला के तहत सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर को लेकर स्वास्थ्य विभाग अंतिम तैयारी में जुटा है। उक्त शिविर 5 जनवरी को सदर अस्पताल में लगाया जाएगा। इसके लिए सभी चिकित्सकों व कर्मिय यों के बीच कार्य दायित्व का निर्धारण किया गया है। मेला प्राभरी जिला लक्ष्मण पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार को बनाया गया है। मंच संचालन एवं विधि व्यवस्था में प्रशासनिक डीएस डॉ मुकेश कुमार, डब्ल्यूएचओ सीएमओ डॉ हसीबुर हक़, डीएस डॉ मोहन मुर्मू, डीपीएम हिना गौरव वर्णवाल, प्रधान सहायक अश्विनी कुमार सिन्हा, सहायक दिलीप कुमार सिंह, आईडीएसपी डीडीएम मोहम्मद तौसीफ अहमद व ऋषिकेश कुमार को दी गई है। देखरेख एवं स्वच्छता व्यवस्था में जय राम यादव, लिपिक चंद्र भूषण कुमार, अब्दुल सत्तार अंसारी, आदित्य कुमार, वरुण कुमार मंडल, इवेंट मैनेजमेंट अमित कुमार, ऋषिकेश कुमार, पंकज पीटर सोरेन, राजीव रंजन, आईईसी व्यवस्था डॉ सतीबाबू डाबडा, डीडीएम अमित कच्छप, सूरज कुमार, टेंट मैनेजमेंट अश्विनी कुमार, दिलीप कुमार, अमित कुमार, तौसीफ अहमद, नीरज तिवारी, ऋषिकेश कुमार, काउंटर मैनेजमेंट हिना गौरव वर्णवाल, संदीप कुमार, अमित कच्छप, सूरज कुमार को दी गई है। सर्वाइकल स्क्रीनिंग टीम में डॉ किरण माला, डॉ अनिता सिन्हा, डॉ प्रभा रानी, डॉ भारती पुष्पम, डॉ पूनम कुमारी, डॉ सरिता कुमार टूडू, डॉ सबीहा खातून मरीजों की जांच करेंगी।

## रेलवे स्टेशन में पत्रकार का मोबाइल चोरी

साहिबगंज।मालदा रेल मंडल क्षेत्र के साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से बीते दिनों मंगलवार दोपहर को एक रेल यात्री का मोबाइल चोरी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र पाठक के साथ ये घटना घटित हुआ है। उन्होंने बताया कि मैं अपने परिवार के साथ तीनपहाड़ जाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर तीन में खड़ा था। धुलियान पैसेंजर ट्रेन आई जिससे मुझे सवार होकर तीनपहाड़ जाना था। जब मैं अपने परिवार के साथ ट्रेन पर बैठा और देखा तो मेरे पॉकेट में मोबाइल नहीं है। मैने मोबाइल चोरी की लिखित शिकायत जीआरपी थाना में किया हूं। वही जीआरपी थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि मोबाइल चोरी की शिकायत प्राप्त हुई है। जिसकी जांच की जा रही है, बहुत जल्द बरामद होगी।

## पिकनिक स्पॉटों पर नए साल की मस्ती के लिए उमड़ी लोगों की भीड़





**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

साहिबगंज नया साल 2025 के आगमन पर उत्साह व उमंग के साथ पिक्निक स्पॉटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार की अहले सुबह ही युवाओं का जत्था डीजे की धुन पर थिरकते हुए पिक्निक स्पॉट की ओर निकल पड़ा। आसमान में दिन भर बादल छाए रहने व हल्की बूंदाबांदी के बीच लोगों का उत्साह चरम पर था। सुबह के 8 बजे तक शहर के पिक्निक स्पॉट बड़ी झरना, पुराना फायरिंग रेंज, छोटी झरना, गंगा विहार पार्क, सिदो कान्हू स्टेडियम सहित अन्य स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पहाड़ की तलहटी में प्राकृतिक का आनंद लेते हुए परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने तरह तरह के व्यंजन का स्वाद लिया। वहीं युवाओं की टोली नाचती झूमती मस्ती करती रही।

चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस

नव वर्ष में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी पिक्निक स्पॉटों सहित शहर के संवेदनशील इलाकों पर पुलिस तैनात रही। अमित कुमार सिंह के निर्देश पर चप्पे चप्पे पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। एसडीपीओ किशोर ट्रिकी, अमित कुमार गुप्ता नगर थाना प्रभारी, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दुबे घूम घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेते रहे।

## नाव चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा।** राधानगर पुलिस ने नाव चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत के पातु टोला घाट से देर रात्रि चोरी की गई एक फेरी नौका के साथ कथित एक चोर को नाव मालिक व अन्य लोगों के द्वारा पकड़ लिया गया है। इसके बाद ग्रामीणों ने उक्त युवक को यूपीएस पातु टोला स्कूल के प्रांगण में एक पोल पर बांध दिया। इधर नाव मालिक एवं अन्य लोगों ने मंगलवार को राधानगर पुलिस को सौंप दिया है। युवक की पहचान राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत फेलू टोला गांव के हैदर शेख के पुत्र अताउर शेख के रूप में की गई है। कथित युवक पर आरोप है कि थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत के इलियास शेख पातु टोला घाट के समीप अपनी नाव को बांध कर रखा था। वे राजमहल से मानिकचक घाट में उक्त नाव का उपयोग फेरी के लिए करता था। सोमवार को वे 3 बजे फेरी कर पातु टोला घाट के समीप अपनी नाव को बांध दिया था।मंगलवार अहले सुबह अपने नाव के पास पहुंचा तो नाव वहां से गायब मिला।नदी से गुजर रहे एक नाविक को अपनी नाव के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि एक नाव बानू टोला चूआर में देखा गया है। जानकारी मिलने पर नाव के मालिक इलियास शेख अपने दो तीन रिश्तेदार को लेकर उक्त स्थान की ओर प्रस्थान किया। उन्होंने बानू टोला चूआर के पास देखा कि उसकी नाव को दूसरे नाविक के पास 50 हजार में बेच रहा था। उन्होंने उक्त युवक के पास पहुंचकर अपनी चोरी की हुई नाव को खरीदने के लिए कीमत लगाया। इसके बाद कथित चोर ने नाव की कीमत 50 हजार रखा इसके बाद नाव मालिक ने उसे पकड़ लिया। किसी तरह वे उसकी चुंगल से छूट गया और नदी में छलांग लगा दिया।नदी में तैरकर भागने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। जिसके बाद उसे यूपीएस पातु टोला स्कूल के पास एक पोल पर बांध दिया गया। इधर मामले को लेकर नाव मालिक के ब्यान पर उक्त युवक के विरुद्ध राधानगर थाना काण्ड संख्या 01/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया। गिरफ्तार युवक को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## खरसावा गोलीकांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि




पाकुड़। पाकुड़ जिला के के.के.एम. कॉलेज, पाकुड़ स्थित आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास में खरसावां गोलीकांड के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छात्रों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने खरसावां गोलीकांड की त्रासदी को याद करते हुए शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में बताया गया कि 1 जनवरी 1948 को खरसावां हाट में हजारों आदिवासी अपने अधिकारों की मांग कर रहे थे, जब पुलिस ने निहत्थे आदिवासियों पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस गोलीकांड में सैकड़ों आदिवासी मारे गए थे। इसी कारण आदिवासी समाज ने 1 जनवरी को नया वर्ष मनाने के बजाय इसे शहीदों को समर्पित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्र, समाजसेवी, और छात्र नेता जैसे जयसन सोहन, कमल मुर्मू, कैलाश मरांडी, बौना हांसदा, सुरेश हेम्ब्रम, जीवन बास्की, और बाबुधन मुर्मू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इन सभी ने शहीदों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए उनकी प्रेरणादायक गाथा साझा की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित छात्रों और अतिथियों ने शहीदों के सपनों को साकार करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल इतिहास को याद करने का माध्यम बना, बल्कि आदिवासी समाज की एकजुटता और संघर्ष की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ।

## एटीएम वाहन ने बाइक सवार को धक्का मारा

साहिबगंज/ राजमहल थाना क्षेत्र के सरकंडा, चंडीपुर में एक बैंक के एटीएम वाहन जेएच 10 सी डब्ल्यू 8703 ने बाइक सवार प्रमोद कुमार मंडल को धक्का मार दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने एटीएम वाहन को रोक हंगामा किया। इसके बाद एटीएम वाहन चालक ने घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल प्रमोद मंडल के पिता बद्री मंडल ने बताया कि उनका पुत्र बाइक लेकर सरकंडा से कन्हैया स्थान अपनी बहन के घर जा रहा था। इधर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## नववर्ष पर पतौड़ा झील में लोगों ने उठाया पिकनिक का लुफ्त





**संताल एक्सप्रेस** उधवा।प्रखंड क्षेत्र का सबसे मशहूर पिकनिक स्पॉट पक्षी आश्रयणी पतौड़ा झील में बुधवार को वन भोज के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पश्चिम बंगाल एवं आस-पास के इलाकों से तीन पहिया, चार पहिया से लोग पिकनिक स्पॉट पहुंच कर खाना पकाना और खा पीकर खूब मज़ा किया। पिकनिक का लुत्फ उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सैकड़ों लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन तैनात रहें। पुलिस व्यवस्था को और ज़्यादा पुख्ता करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी और राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय पिकनिक स्पॉट पहुंचे।मौके पर एसआई फुलेश्वर अकेला, एएसआई कार्तिक उरांव, संजय पासवान, शिव शंकर, कार्तिक चंद्र सरकार, चंडी मंडल, चुड़ामान सहित अन्य मौजूद थे।

## नव वर्ष पर अमन चैन व खुशहाली के लिए की गई सामूहिक प्रार्थना



**संताल एक्सप्रेस। तालझारी, साहिबगंज।** नववर्ष 2025 पर बुधवार को तालझारी प्रखंड के सीएनआई के एपीफनी चर्च में धर्मपंतियों के लिए अमन-चैन और खुशहाली के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।सीएनआई के एपीफनी चर्च धर्मप्रांत के महागिरजाघर में रेभरेन प्रदीप हाँसदा ने विशेष अनुष्ठान किया।उन्होंने संपूर्ण तालझारी धर्म प्रांत के लिए नववर्ष सुख-शांति और अमन-चैन लेकर आए,इसकी कामना की।विश्वासियों से खचाखच भरे गिरजाघर में संदेश देते हुए कहा कि यह दिन काफी महत्वपूर्ण है,क्योंकि इस दिन मसीही समुदाय के लोग पूरे साल के लिए परमेश्वर से आशिष मांगते हैं।प्रत्येक परिवार जब आशिश मांगता है तो सारे समाज पर प्रभू यीशु मसीह की कृपा बरती है और एक खुशहाल समाज का निर्माण हाता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता के लिए परमेश्वर के आशिश का माध्यम बने। यह नया साल उन लोगों के लिए दया और उपचार और आशा से भरा हो जो उत्पीड़न और गरीबी की छाया में रहते हैं और टूटे हुए और घायल लोगों के लिए हमारी चिंता बढ़े ताकि आपके अनंत दिन की रोशनी हमारी दुनिया पर उगने लगे।

## रेलवे स्टेशन चौक पर नववर्ष पर युवकों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज। शहर के रेलवे स्टेशन चौक पर बुधवार की शाम करीब पांच बजे नववर्ष पर बिहार के भागलपुर से घूमने यहां आए युवकों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान स्टेशन चौक पर थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गया। इसकी सूचना पाकर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां युवकों का हुजूम देखकर पुलिस ने लाठी चार्ज किया और लड़ाई कर रहे युवकों के दोनों गुटों को खदेड़-खदेड़ कर भगाया। बताया जाता है कि भागलपुर के युवकों का दोनो यहां मोती झरना घूमने के लिए आया था। लेकिन मोती झरना से साहिबगंज आने के बाद शराब के नशे में सभी टल्ली थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। इधर, नगर थाना प्रभारी ने मारपीट की घटना को देखते हुए एक पुलिस पदाधिकारी व जवानों को वहां तैनात किया है।

## नो हेलमेट नो फ्यूल एवं नो सीट बेल्ट नो फ्यूल का चलाया जागरूकता अभियान




**साहिबगंज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को साहिबगंज जिले के सभी पेट्रोल पंप पर ÷नो हेलमेट नो फ्यूल÷ एवं ÷नो सीट बेल्ट नो फ्यूल÷ का अभियान चलाया गया। बताया कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील होने का आग्रह किया गया।साथ ही सभी को बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करे एवं जिले एवं राज्य में हो रहे सड़क दुर्घटना में कमी ला सके एवं अपने एवं दूसरों का अनमोल जीवन की रक्षा कर सके।सड़क सुरक्षा के नियम एवं उपकरण जैसे हेलमेट, सीट बेल्ट आदि का प्रयोग कर सड़क हादसों से बचा जा सकता है।मौके पर सड़क सुरक्षा सदस्य मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने बुजुर्गों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री वितरित किया

कोडरमा,(हि.स.)। नए साल के पहले दिन बुधवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने झुमरीतिलैया नगर परिषद स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच बिताया।उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से उनका हाल-चाल जाना और वृद्धों के बीच कम्बल और खाद्य सामग्री वितरित किया। उन्होंने वृद्धों से वृद्धाश्रम में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली। इसके पश्चात उन्होंने कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही वहां मौजूद सभी जरूरतमंदों के बीच कम्बल एवं खादय सामग्री का वितरण किया। उन्होंने जिलेवासियों को नए साल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे में ये वृद्ध अकेलापन महसूस न करें, इसलिए वे इनके बीच पहुंचकर कम्बल एवं खाद्द सामग्री का वितरण किये है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के जरिये एजेंसी के बारे में कई शिकायतें मिल रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को नई एजेंसी को इसकी देखभाल करने का जिम्मा देने का निर्देश दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-ठिका खोबोर सं.: ओ-एसी-टी-183-185-24-25 (ओपन), तारिक 31.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते आसोल कामी रेयाक् फान्डाव लागित् ते ई-ठिका (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-183-24-25, **कामी रेयाक्** जुतुमः आसनसोल मंडल लागित् ते मुथरापुर /राजग्राम /पाकुड /हरसिंह क्रैरी खोन बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनको रे 50000 घन मी मशीन ते गेजेर आकात् केटेच् धिरी ट्रैक बेलास्ट रेयाक् आपूर्ति, लीडिंग आर लोडिंग लागित् ते खुला ठिका। **ठिका गोनोड टाकाः** 7,15,68,000। **बायना टाकाः** 5,07,800, **कामी मुचात् सोमोयः 10 चान्दो** । **क्रमांक 2. केस सं.**ओ-एसी-टी-184-24-25, कामी रेयाक् जुतुमः सीनि. डीईएन/1/आसनसोल रेयाक् अधीन कालूबथान, जसीडीह, चितरंजन, सिमुलतला एमान रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे पाइप लाइन सांवते आरसीसी ओएच टैंकको होतेते बाड़िच्आकान टैंकको रेयाक् प्रतिस्थापन, अनुषांगिक कामी लागित् ते खुला ठिका। **ठिका गोनोडः** रू 5,33,85,510.25,बायना टाकाः रू 4,16,900, **कामी मुचात् सोमोयः** 24 चान्दो। **क्रमांक 3, केस सं.** ओ-एसी-टी-185-24-25, **कामी रेयाक्** जुतुमः सीनि. डीईएन/2/ आसनसोल आर सीनि. डीईएन/3/ आसनसोल रेयाक् टोठाकिया रे 30.501 टीकेएम सीटीआर (पी) आर 18.280 टीकेएम टीएसआर (पी) सांवते अन्य आनुषंगिक कामी लागित् ते खुला ठिका। **ठिका गोनोडः** रू. 13,81,83,180.56, **बायना टाकाः** रू. 8,40,800, **कामी मुचात् रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। बोन्दोक् रेयाक् तारिक आर सोमोयः 24.01.2025 हिलोक् तिकिन सेच् 12.00 बजे। पुरा बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रेपे जेल दाड़ेयाक्आ।

**(ASN-287/2024-25)**

**ठिका खोबोर वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता मेनाक्आ।**

नोंडे पांजालेपेः .... : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सीओ–बीडीओ दो़किन पोंथा केदा, 35 बो़छो़र तायो़म मामलाकिन बिचा़र फाण्डाव केदा



**खोबोरिया**

**चतरा।** मित् ओ़तहासा रेयाक् हिसा़दारी आर दा़बीदारी ला़गित् बार घारो़ंज ताला रे 35 बो़छो़र खो़न मामला चालाव हिजुक्कान ताहेंना। पंचायत आर कोर्ट कचहरी रे आ़चुर काते बानार घारो़ंज रेन आयमा बो़छो़र खो़न पारेशानको ताहेंकाना। नावां बो़छो़र पा़हिल दिन बुधवार हिलोक् सीओ उदल राम, बीडीओ कलिंदर साहब, मुखिया महेशदांगी, पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद आर एटाक् हो़ड़ाक् हा़जिर रेबानार नाखा रेनको दुपुड़ुप् एना। आको आपस रे गालमाराव तायो़म जुमी मामला दो़को फाण्डावकादा। पत्थलगडा रेयाक् आतो बरवाडीह रे मुटामुटी 35 बो़छो़र खो़न हरि प्रजापति, गोविंद प्रजापति आर ओनको घारो़ंज ताला रे जुमी मामला ताहेंकाना। मामला जुमी रे गे बानार नाखा रे दुपुड़ुप् कातेको फाण्डावकात्ताकोआ। सीओ दो़य ला़ई केदा जे आको आपस रे गालमारावाको ते बानार घारो़ंज ताला रे चालाक् कान जुमी मामला दो़ फाण्डावकात्ताकोआ। थोड़ा दिन लाहा सिमरिया एसडीओ सन्नी राज हों नोआ मामला ला़गित् पत्थलगडा तेये सेटेर लेना आर मामलाय जांच लेदा। उनी दो़ ठांव हों ओ़नमान ञेल काते सीओ ठेन कार्रवाईला़गित्ए हुकुमादे ताहेंना। इना़ तायो़म बानार नाखा रेन मित् तेदुपुड़ुप् ओचोकोते आर आडेपासे हो़ड़ ठेन कुलीको तायो़म जुमी मामला दो़को फाण्डावकात्ताकोआ।

# एकेन जांगा ते ताड़ाम दो़ निपुट हो़ड़मो़ ला़गित् मेनाक्आ आयमा पो़रहो़



**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** बेगो़र चापो़ल हो़रो़क् आर से एकेन जांगा ते ताड़ामदो़ निपुट हो़ड़मो़ ला़गित् आयमा पो़रहो़वानाक् मेनाक्आ। नोआ रेयाक् मो़तलो़ब दो़. ओ़त रे एकेन जांगा ते ताड़ाम, ताबेरो़क्,दुड़ुबो़क् से बेयायाम बाड़ाय। हो़ड़मो़ रे होयोक्आक् आयमा लेकान आजार बीमारीको खो़न बाञ्चावक् ला़गित् दो़ एकेन जांगा ते ताड़ामबाड़ाय मित् आ़डी पो़रहो़वानाक् ता़रीका होय दाड़ेयाक्आ। एकेन जांगा ते ताड़ाम लेखान दो़ हो़ड़मो़ रे ढेरोक्आक् हासो, हार्मोनबाबो़त तेयाक् बेसामबड़ाक् आर दुदडूम रेयाक् गुनतेत् सुधा़र रेग्राउंडिंग का़मीहो़रा आ़डीय गो़ड़ो़क् काना। बेयायाम पा़कटिस बाड़ाय ओ़कते एटाक्आक् एक्सरसाइज लेका गे एकेन जांगा ते ताड़ाम हों मित् लेकान मो़ंज एक्सरसाइज होय दाड़ेयाक्आ। ग्राउंडिंगका़मीहो़र ते हो़ड़मो़ रेयाक् प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली रेसुधा़रो़क् काना आर मेटाबॉलिज्म ए बाढावेत् काना, नोआ तेहो़ड़मो़ रे टेंशो़न को़मो़वक् काना। नोआ दो़ हामाल को़म रे हो़य गो़ड़ो़वाक् काना। सोसोलहाको लेकाते धा़रती रे फ्री इलेक्टरको ताहेंन ते नेगेटिव इलेक्ट्रिकल चार्ज होयोक् काना। आयुर्वेद रे हों ग्राउंडिंग प्रक्रिया आ़डी प्रभावी प्रक्रियाको खो़न मित्टेनको मानाव आकादा। साधारो़न रे योगा यास जो़खेच् हो़ड़ दो़ ओ़त रे एकेन जांगा ते दुड़ुप् काते गे आसन आर प्राणायामको दो़हड़ायेत् काना। ओ़त रे थोड़ा घा़ड़िच् ताबेरो़क् हों आ़डी पो़रवानाक् ताहेंन काना। नोआ ला़गित् बाजार रे ताहेंन ग्राउंडिंग मैट रेयाक् गो़ड़ो़ हाताव दाड़ेयाक्आ। नोआ ते धा़रती खो़न हो़ड़मो़ रेयाक् सीधा़ जोड़ाव होयोक् काना आर नोआ ते हो़ड़मो़ दो़ बेसते परिणाम जो़ ए ञामेत् काना। ग्राउंडिंग प्रक्रिया होते दिना़मदिन घांस रे 15 खो़न 20 मिलिट हा़बिच् एकेन जांगा ते ताड़ाम होयोक् काना। ओ़त रे योगा यास, धेयान आर स्ट्रेचिंग बेयायाम एमान होयदाड़ेयाक्आ।


# नावाँ दिन नावाँ बो़छो़र



## साइमन हाँसदाक् ''मा़हिर मो़न''

नोआ बो़छो़र दिन दो़ आ़चुर हिजुक्;
गेलबार चान्दो दिन रे आरहों।
मानवाँ जियोन चालावेन खा़जुक;
बाङ गे रुवाड़ नावाँ बो़छो़र रेहों।।
नावाँ बो़छो़र रे हो़ड़को बो़दो़लो़क् रेहों;
आम दो़ मो़ने आलोम बो़दो़लो़क् एनहों।
बो़रो़ङ नावाँनाक् हुदिस बो़दो़लमे;
जेमो़न जियोन बिता़उ ञामगो़लमे।।
नावाँ दिन नावाँ जियोन आमाक्;
तेहेञ हिड़िञ कातेन सानामाक्।
मासे सिरजोन मा़लिक सारहावेम,
उनी निया़ धा़रती टुन्डा़ङ कानेम;
नावाँ दिन नावाँ बो़छो़रे एमात्मे।

# कोलकाता रे साफ सेरमा आर हालका धुंध ताक रे नावां बो़छो़र एतो़हो़प् एना



**संवाददाता**

**कोलकाता।** नावां बो़छो़र सेताक् कोलकाता रे आसो़ल रूप ते साफ गेसेरमा आर सेताक् हालका धुंध तालाको आताङ दाराम केदा। सो़हो़ररे पारो़मेन 24 घंटा रे को़मउता़र तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज एना, ओका दो़ साधारो़न ता़री रे मेनाक्आ। ढेरकाय तापमान22.6 डिग्री सेल्सियस ताहेंयेना, ओका दो़ साधारो़न खो़न 2.8 डिग्री को़म गेया। भारतीय मौसम विज्ञान विभागआक् क्षेत्रीय मु यालय सेच् खो़न बुधवार हिलोक् जारी बयान लेकाते, दाराय 24 घंटा ते कोलकाता रेसेरमा साफ गे ताहेंना आर सेताक् सो़मो़य हालका धुंध पासनाव ताहें दाड़ेयाक्आ। दिन रेयाक् ढेरकाय तापमान 24 डिग्री सेल्सियस आर को़मउता़र तापमान 15 डिग्री सेल्सियस आडेपासे ताहेंन अनुमान मेनाक्आ।पारो़मेन 24 घंटा रे सो़हो़र रे बाय दाक् आकादा। पो़नो़त रेयाक् एटाक् टोठाको रे हों राबाङ रेयाक् असर साफ ते ञेलो़क् काना। उत्तर बंगाल रेयाक् जिलाको रे दार्जिलिंग आरकलि पोंग, रेयाड़ जा़सती गेया। दार्जिलिंग रे को़मउता़र तापमान एयायइरा़ल डिग्री सेल्सियस हा़बिच् तिया़क् आकाना। जलपाईगुड़ी आरअलीपुरद्वार रे सेताक् धुंध गे आर रेयाड़ हो़याते उरगुम आंगरो़प हो़ड़कोय हो़रो़क् ओचोयेत्कोआ। नोआ इलाका रे दिन रेयाक्तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस आर ञिन्दा़ रेयाक् तापमान 10-12 डिग्री सेल्सियस ताला बानाव आकाना। दक्षिण बंगाल रेयाक् जिलाको रे हुगली, हावड़ा आर पुरूलिया रे हों रेयाड़ काना। नोण्डे दो़ को़मउता़र तापमान 12-14 डिग्री सेल्सियस हा़बिच् दर्ज आकाना। पारो़मेन 24 घंटा ताक पो़नो़त रेयाक् जाहांटाक् टोठा रे बाय दाक् आकादा। रेयाड़ हो़य आर सेरमा साफ ते को़मउता़र तापमान दो़ साधारो़न ता़री रे बेनाव दो़हो़ आकाना। पो़नो़त भोर रे दाराय दिन रे हों नोआ लेका मौसम ताहें दाड़ेयाक्आ।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका़ खो़बो़र**

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खो़न नोवाको का़मीय ला़गित् ई-ठिका़य नेवतायेत् काना।
1. का़मीय ञुतुम आर ठा़ंवः उप मुख्य विद्धुत अभियंता/निर्माण/उत्तर रेयाक् अधीन पूर्व मध्य रेलवे रेयाक् 132 केवी ग्रिड सबस्टेशन (जीएसएस) लौकही खो़न रेलवे टीएसएस लौकहाबाजार हा़बिच् 132 केवी, 2 चरण, डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन, नोवारे जीएसएस लौकही रे बार नंबर 132 केवी बे रेयाक् बेनाव हों सेलेत् मेनाक्आ। का़मीय रेयाक् डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, बिनिडा़उ आर कमीशनिंग ला़गित् खुली ठिका़। e-Tender No. EL/C/N/MHX/ETEN/05/24-25, 2. अनुमानो़क् का़मीय टाकाः 36,73,23,676.43 टाका। 3. जोमाक् बायना टाका आर ठिका़ सासाकाम रेयाक् गो़नो़ङःNIT लेकाते आर शून्य टाका। 4. का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़यः 18 चान्दो। 5. ठिका़ बो़न्दो़क् ता़रिक आर सो़मो़यः 15.01.2025 हिलोक् तिकिन 12.00 बजे। 6. वेबसाइट विवोरोण, नोटिस बोर्ड रेयाक् ठा़ंव जाहां दो़ ठिका़ रेयाक् पुरा़उ काथाको ञेल दाड़ेयाक्आ आर कार्यालय रेयाक् ठिकाना जाहां खो़न ठिका़ सासाकाम प्रपत्रको किरिञ दाड़ेयाक्आः आई.आर.इ.पी.एस वेबसाइट www.ireps.gov.in रे ठिका़ साकामको डाउन लोड दाड़ेयाक्आ आर सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 रे ठिका़ पट रेको ञेल दाड़ेयाक्आ। हिन्दी आर अंग्रेजी रेयाक् सूचना रे जाहां लेकान बेगार ञामो़क् रे अंग्रेजी रे छापावाक् सूचना गे सा़ही दो़ मानावक्आ।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
निमार्ण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/01821/कॉन/विद्युत/टी/24-25/40


# नावां बो़छो़र रे रांची रेयाक् मुंदिल रेको भीड़ केदा हो़ड़





**खोबोरिया**

**रांची।** आंग्ल नावां बो़छो़र रे राजधा़नी रांची रेयाक् जो़तो़मुंदिलको रे बुधवार हिलो़क् सेताक् खो़न गे हो़ड़को भीड़ आकादा। रांची रेयाक् पहाड़ी मुंदिल, चुटिया रेयाक् सुरेश्वर धाम, मेन रोड रेयाक् का़ली मुंदिल, हनुमान मुंदिल, दुर्गा बाड़ी, रातू रोड रेयाक् दुर्गा मुंदिल घालो़क् एटाक् मुहल्लाको रेयाक् मुंदिलको रे सेताक् खो़न गे हो़ड़ सेटेर काते पुजा़ पाठको लागाव आकाना। हो़ड़ दो़ घारो़ंज रेन सांवते नावां बो़छो़र रेयाक् एतो़हो़प्भगवान ठेन दो़रसो़न सामाङ एना। सांवते गे मो़ंजते स्वास्थ्य, समृद्धि आर सुख शांति ला़गित्को को़याना। नोआ ओ़कते रांची रेयाक् पहाड़ीमुंदिल घालो़क् एटाक् मुंदिलको रे सुरक्षा बेबो़सता दो़हो़ लेना। पुलिस रेन जवानको आर स्वयंसेवक तोयनातको ताहेंकाना। पहाड़ी मुंदिलको रे भो़कता़ अरघा सिस्टम ते दाक्को दुलेत् काना। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए दो़य ला़ई केदा जे भीड़ ञेलाते पहाड़ी मुंदिल रे सुरक्षा बेबो़सता दो़हो़ आकाना।

# असम राइफल्स दो़ मणिपुर रे खान्डा-बान्डा आर विस्फोटक रेयाक् गो़दामको साप् केदा





**खोबोरिया**

**इमफाल।** असम राइफल्स दो़ मणिपुर रेयाक् चंदेल जिला रे खान्डा-बान्डाआर विस्फाटक रेयाक् माराङ गो़दामको साप् केदा। साप् आकात् जेनेस रे अमेरिका रे बेनाव आकान एम 16 राइफल, टोठाकिया़ लाथोडगन, एम 16 राइफल मैगजीन, आईईडी, मोटोरोला संचार सेट, 5.56 मि.मी.गोला-बारूद पोंपी, लाथोड बम, एकएके-56 राइफल आर एक टाइप 81 चीनी असॉल्ट राइफल सांवते पेया मैगजीन सेलेत् मेनाक्आ। साप् आकात्को हो़ड़ आर साप् आकात् खान्डा-बान्डा दो़ लाहा सेच् जाँच ला़गित् ते टोठाकिया़ रेन पुलिसको जिमा़वात्कोआ।


**देवघर समाहरणालय (जिला भू अर्जन शाखा)**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

—: प्रारंभिक अधिसूचना :—
(अधिनियम—30 / 2013 की धारा—11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 904 / भू अ० — दिनांक : 30.12.2024

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम—चुल्हिया, थाना सं०—868, अंचल—मोहनपुर, जिला—देवघर में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मोहनपुर (जयपुर मोड़) से कृषि कॉलेज से बिहार सीमा झिल्ली तक पहुँच पथ का चौडीकरण एवं मजबूती करण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम—चुल्हिया, थाना सं०—868, अंचल—मोहनपुर, जिला—देवघर में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.359 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :—

| क. स. | खाता सं. | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 8 | 1 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.004 | मु० कवीलार्शी महतवाईन (RT) जौजे अमृत महतो। | मौजा—ज गरनाथी | मौजाबर दहिया | दुधवा जोर | छोट बहिआरी |
| 2 | 8 | 2 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.005 | राजमनी महतो वो सिरोमनी यादव वो बाबुमनी यादव वो सीताराम यादव पिता जागो महतो वो नन्दलाल यादव वो कामदेव यादव वो गणेश प्रसाद यादव पिता चुरामन महतो वो जनार्दन महतो वो शंकर यादव पिता हरिमोहन महतो वो सुखदेव महतो पिता एतवारी महतो। | | | | |
| 3 | 10 | 20 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.005 | चन्द्रिका देवी पति बलदेव महतो वो त्रिभूवन यादव वो त्रिवेणी यादव वो राजकुमार यादव वो सकली देवी पिता वंशी महतो वो गिधू महतो(RT) | | | | |
| 4 | 10 | 24 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.013 | तथैव। | | | | |
| 5 | 10 | 21 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.009 | जीतन महतो(RT) | | | | |
| 6 | 17 | 26 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.017 | जानकी महतो(RT) वल्द झपर महतो वो मो० सझिया (RT) जौजे वनवारी महतो। | | | | |
| 7 | 29 | 7 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.006 | नुनवतिया देवी वो सुमेश्वरी देवी पिता रीतलाल महतो वो रूमा महतो पिता मनभरन महतो वो जगरनाथ यादव वो जर्नादन यादव वो प्रेम यादव माता दुखनी देवी वो नेवानी महतो पिता वीरू महतो वो बालू महतो(RT) | | | | |
| 8 | 36 | 22 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.019 | अलवा देवी पति दुबराज महतो वो कुंती देवी पति बासुदेव महतो वो लालविहारी महतो पिता महराज महतो वो धीनू महतो पिता दुर्गा महतो वो टुमन राउत वो कैलाश राउत वो अरमनिया देवी माता भगिया देवी। | | | | |
| 9 | 36 | 23 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.031 | सचित यादव माता कुसमी देवी वो राजू महतो वो चोठी महतो माता रेशमा देवी वो फुला कुमारी पति उपेन्द्र यादव वो विश्वनाथ यादव माता दुलारी देवी। | | | | |
| 10 | 37 | 292 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.077 | गीता देवी पति स्व०रामू चौधरी वो दर्शन चौधरी(RT) | | | | |
| 11 | 37 | 293 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.016 | तथैव। | | | | |
| 12 | 38 | 283 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.009 | मु० लाडू रेआईन जौजे शाम राय (RT) | | | | |
| 13 | 39 | 36 | रैयती | बाड़ी—2 | 0.148 | लीलू राउत (RT)वल्द मीतु राउत वो नरेश यादव वो नगदी महतो वो जगदीश महतो पिता समर राउत। | | | | |
| | | | | कुल रकवा— | 0.359 | | | | | |

यह अधिसूचना भू—अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम—2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा—11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।


भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, देवघर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता—सह—समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्ट करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू—वेधन—छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, देवघर और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय / विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधीत इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंतर्गत भू—अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियॉं हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, देवघर के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह० / —
समाहर्त्ता—सह—उपायुक्त, देवघर।

PR.NO. 343377 Deoghar(24-25):D


स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686


दुमका : चुईला बुरु पहाड़


दुमका :गुमरो पहाड़


दुमका : कठलिया चापुड़िया मौजा


दुमका : हतियापाथर स्थित गड़दवारा डेम


दुमका : सेल्फी ब्रिज


चित्तरंजन स्थित अजय नदी

# नववर्ष पर पहाड़ियों की गोद में बसे मसानजोड़ डैम में पिकनिक मनाने उमड़ा सैलानियों का सैलाब

## दिगल बांध, बड़ानदी व कैरावनी डैम के मनोरम दृश्य का लुत्फ उठाने पहुंचे हजारों पर्यटक

**संवाददाता**

**रानीश्वर(दुमका) ।** अंग्रेजी नववर्ष की पहली जनवरी बुधवार को सदर प्रखंड दुमका के राष्ट्रीय पर्यटन स्थल मसानजोड़ में नौका बिहार एवं पिकनिक मनाने के लिए पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। बताते चलें कि बड़ा दिन 25 दिसंबर के पूर्व से ही यहां सैलानियों की भीड़ उमड़ रही हैं। वैसे तो यहां सालों भर पश्चिम बंगाल एवं बिहार के लोग प्रकृति के मनोरम दृश्य का आनंद उठाने आते रहते हैं। महामाया होटल के मालिक सिंटू साह ने बताया है कि मार्च महीने के अंतिम सप्ताह तक यहां



पर्यटकों का आना जाना लगा रहेगा। इसके साथ- साथ रानीश्वर प्रखंड के बड़ानदी जलाशय, दिगल बांध डैम, कैरावनी डैम, बिलकांदी पंचायत के सिद्धेश्वरी नदी तट के तांतलोई स्थित गर्म जल कुंड में भी पर्यटकों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया व मनमोहक दृश्य का अवलोकन किया। पश्चिम बंगाल के पर्यटकों ने मसानजोड़ से घर वापस जाने के क्रम में संथाल विद्रोह के इतिहास से जुड़े दिगुली के संथाल काटा पोखर पहुंचकर आंदोलन कारी शहीदों को नमन किया। स्थानीय लोगों के अनुसार दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के रघुनाथपुर, रानीश्वर आसनबनी एवं दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ के बरमसिया, शिकारीपाड़ा एवं मंदिरों के गांव मलूटी में रानीश्वर प्रखंड के पर्यटन केंद्रों के संबंधित दिक सूचक का होडिंग लगाकर यहां पर्यटन उद्योग का विकास किया जा सकता है।

# बासुकीनाथ मंदिर में एसपी ने संभाली विधि व्यवस्था

**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** नववर्ष 2025 के शुभागमन पर बासुकीनाथ मंदिर में साल के पहले दिन पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नववर्ष के प्रथम दिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बुधवार को बासुकीनाथ मंदिर में स्वयं अपनी देखरेख में श्रद्धालुओं को जलार्पण कराया। उन्होंने बासुकीनाथ मंदिर, मेला क्षेत्र, मंदिर परिसर व शिवगंगा घाटों का जायजा लिया। नववर्ष पर श्रद्धालु कतारबद्ध होकर गर्भगृह में पहुंचे और भोलेनाथ का स्पर्श पूजन कर जलाभिषेक किया। दुमका एसपी ने विधि व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। जरमुंडी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल को सुरक्षा



व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। बाबा बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर खास इंतजाम किए गए थे। यहां बता दें कि नववर्ष पर दुमका पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने भी बाबा बासुकीनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर पवित्र जलाभिषेक किया। पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल ने बताया कि नववर्ष को लेकर बासुकीनाथ में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रही। बुधवार को मौके पर जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी सतर्क थे।

## गुमरो पहाड़ में पर्यटकों की उमड़ी भीड़



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुमरो पहाड़ में नया साल के अवसर पर पर्यटकों का भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार सुबह से ही आसपास व दूर दराज से विभिन्न प्रकार के भोजन बनाने की सामग्री,डीजे के साथ नया साल का जश्न मनाने गुमरो पहाड़ पहुचे और पूरा दिन बिताकर जश्न मनाया। पर्यटक नाशिम अंसारी,एजाज, जलिल नबाब, हनीफ अरबाज,साकिर बाबू आदि ने बताया कि नया साल में गुमरो पहाड़ में पिकनिक मना कर बहुत अच्छा लगा। पिकनिक के साथ यहां के वादियों का खूब दीदार किया। यहां की हरियाली, सौंदर्य इतनी मनमोहक है,यहां से जाने का मन नहीं करता। वही नया साल के जश्न में खलल उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस प्रसाशन गुमरो पहाड़ के चारो ओर गश्ती करते दिखे। इसके अलावे घुरमुन्दनी जोरिया, भोक्ताडीह जंगल, रानीघाघर राड़ो मेला परिसर, नूनबिल परिसर, गड़दवारा डेम, सेल्फी ब्रिज, कठलिया चापुड़िया गांव किनारे, मलेंचा मंदिर परिसर में भी सैलानियों का भीड़ जमा रहा। अपने वाहनों में साउंड सिस्टम के साथ नए सालों के गीतों पर खूब थिरके।

## लोगों ने धूम धाम से मनाया पिकनिक



**दुमका ।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में नए साल 2025 का पर्व धूम धाम से मनाई। लोग विभिन्न विभिन्न स्थानों पर पिकनिक मनाया और लुत्त उठाए। लोग डीजे की धुन में नाचते गाते हुए नजर आए। आपको बताते चलें कि ढाका ब्राह्मणी नदी, द्वारका नदी में भी लोग पिकनिक मनाया। श्रद्धालु ऐतिहासिक ग्राम मलूटी में भी कभी संख्या में पहुंचे और मंदिरों में पूजा अर्चना कर नव वर्ष 2025 की शुरुवात की, उम्मीद और सपने हमेशा जिंदा रहते हैं, क्योंकि यही जीवन की असली ताकत हैं। नया साल हमें इस बात की याद दिलाता है कि हर दिन एक नया अवसर है, अपने सपनों को जीने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का। तो इस नए साल, अपने दिल में उम्मीदों का दीप जलाएं और अपने सपनों को पंख दें। अपने लक्ष्य तय करें, मेहनत करें, और इस विश्वास के साथ आगे बढ़ें कि आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। मलूटी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पिकनिक मनाया और यहां भी श्रद्धालुओं ने आनंद उठाए।

## खरसवां के शहीदों की याद में प्रणवानंद विद्या मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा



**रानीश्वर(दुमका) ।** भारत सेवाश्रम संघ,दुमका शाखा के प्रणवानंद विद्या मंदिर पाथरा परिसर में बुधवार 1 जनवरी 2025 को खरसवां के अनाम शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । श्रद्धांजलि सभा संघ के सचिव स्वामी नित्यव्रतानंद जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि किस तरह बंगाल का विभाजन हुआ, और बंगाल, बिहार, ओडिशा व झारखण्ड का विभाजन हुआ। इसलिए आदिवासी लोग अंग्रेजी नव वर्ष नहीं मनाते बल्कि शहीद दिवस मनाते हैं। सभा में जयदेव दे, सुकमोहन हेमब्रम, बोध बोदरा, चंदन बेसरा, चुंडू हेमब्रम, पानमोनी माझी, ज्योति प्रियंका हेमब्रम, शांति मुर्मू, सोना सोरेन, अविनाश सोरेन, मनोज हेमब्रम, विकास टुडू, साइमन टुडू, राहुल टुडू होपना हेमब्रम, बिट्टू कुमार टुडू समेत विद्यालय के छात्रों व अन्य कर्मचारियों की उपस्थित रहे।

## एसकेएमयू : वर्ष 2025 के लिए अवकाश कैलेंडर किया जारी

**संवाददाता**

**दुमका ।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने वर्ष 2025 के लिए अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। इस वर्ष शिक्षकों को रविवार को छोड़कर कुल 79 छुट्टियां दी गई हैं, जबकि शिक्षकेतर कर्मचारियों को रविवार को छोड़कर कुल 60 दिनों की छुट्टी दी गई है। पांच प्रतिबंधित छुट्टियों में से चार घोषित की गई हैं जबकि शेष एक प्रतिबंधित छुट्टी भविष्य में आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए घोषित करने की बात कही गई है। यहाँ बता दें कि इस वर्ष भी राज्यपाल सचिवालय से झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को साझा अवकाश सूची भेजी गई थी, जिसके आलोक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा इस वर्ष के लिए अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस बार क्रिसमस अवकाश को फिर से बहाल कर दिया गया है, जिसमें पिछले वर्ष राजभवन द्वारा कटौती की गई थी। इसके अलावा इस वर्ष भी शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश बीस दिनों का होगा, जो पहले एक माह का होता था।

**2025 के लिए छुट्टी लिस्ट**

**नव वर्ष**- 1 जनवरी
**गुरु गोबिंद सिंह जयंती**-6 जनवरी
**सोहराय, बन्दना और मकर संक्राति**-11 से 14 जनवरी
**सुभाष चन्द्र बोस जयंती**- 23 जनवरी
**गणतंत्र दिवस**- 26 जनवरी
**बसंत पंचमी**- 3 फ़रवरी
**संत रविदास जयंती**- 12 फ़रवरी
**शबे ए बारात**-13 फरवरी
**महा शिवरात्रि**- 26 फरवरी
**होली और बहा परब**- 13-15 मार्च
**रमजान के अंतिम शुक्रवार**-28 मार्च
**ईद-उई फितर**- 31 मार्च
**सरहुल**- 1-2 अप्रैल
**राम नवमी**- 6 अप्रैल
**महावीर जयंती**-10 अप्रैल
**अम्बेडकर जयंती**- 14 अप्रैल
**गुड फ्राइडे**- 18-19 अप्रैल
**ईस्टर मंडे**-21 अप्रैल
**मजदूर दिवस**- 1 मई
**बुद्ध पूर्णिमा**- 12 मई
**गर्मी छुट्टी**-1-20 जून (केवल शिक्षकों के लिए)
**रथ यात्रा**-27 जून
**मुहर्रम**-6-7 जुलाई
**सावन का अंतिम सोमवार**-4 अगस्त
**श्री कृष्णा जन्मास्टमी**-16 अगस्त
**मनसा पूजा**-17 अगस्त
**गणेश चतुर्दशी**- 27 अगस्त
**करमा पूजा**- 3-4 सितम्बर
**ईद-ई-मिलाद उन नबी/शिक्षक दिवस**- 5 सितंबर
**अनंत चतुर्दशी**-6 सितंबर
**विश्वकर्मा पूजा**- 17 सितंबर
**महालया**-21 सितम्बर
**कलश स्थापन**- 22 सितम्बर
**दुर्गा पूजा/गांधी जयंती**- 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर
**धनतेरस, दीवाली, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा**- 18-29 अक्तूबर
**गुरुनानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा**- 5 नवंबर
**बिरसा मुंडा जयंती और झारखण्ड स्थापना दिवस**-15 नवम्बर
**क्रिसमस**-25-31 दिसंबर

## धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से पांडेश्वरनाथ आकर्षण का केंद्र



**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** उप राजधानी दुमका जिले का हृदयस्थली कहा जानेवाला प्रसिद्ध बासुकीनाथ धाम अपने धार्मिक मान्यताओं के साथ साथ प्राकृतिक सुषमा के लिए भी जाना जाता है। बासुकीनाथ धाम के इर्दगिर्द अनदेखी अनछुई पहाड़ी श्रृंखलाओं की मौजूदगी से यह क्षेत्र आगंतुकों को प्रकृति के बेहद करीब लाती है। प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध और धार्मिक ऐतिहासिक महत्व को संजोनेवाला यह स्थान पांडेश्वरनाथ, प्रकृति प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह स्थान बासुकीनाथ धाम से करीब 18 किलोमीटर उत्तर पश्चिम छोर पर स्थित है। पांडेश्वर नाथ मंदिर की मेहता और आस्था के कारण शिवभक्त श्रद्धालुओं का सालों भर ताता लगा रहता है। पांडेश्वरनाथ प्राकृतिक छटा मन मस्तिष्क को शांति प्रदान करती है यही कारण है कि सैर सपाटा और प्रकृति की सुरम्य गोद में एकांत के क्षण चाहने वालों के लिए यहां की शांतिप्रियता



बेहद आकषर्णीय है। धार्मिक महत्व के कारण पांडेश्वर नाथ मंदिर जहां पांडव बंधु द्वारा स्थित एक प्रसिद्ध शिवलिंग है वहीं मंदिर से करीब 50 गज की दूरी पर स्थित पांडेश्वर नाथ पहाड़ की हरितमा देखते ही बनती है। यहां के खूबसूरत प्राकृतिक लोकेशन पर हिंदी और भोजपुरी जैसे कई फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है। पांडेश्वर नाथ में पांडव बांधो द्वारा स्थापित प्रसिद्ध शिव मंदिर, प्राकृतिक पहाड़,शांत वातावरण और पांडेश्वर नाथ पहाड़ में स्थित पहाड़ी गुफा दर्शनीय है। पांडेश्वर नाथ ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से काफी समृद्ध है। स्थानीय लोगों की माने तो पांडेश्वर नाथ मंदिर काफी प्राचीन है।

## सिरसा नाथ,देवद्वार मंदिर समेत अन्य मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**संवाददाता**

**जामा(दुमका) ।** नव वर्ष के पहले दिन जामा प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक स्थल प्रसिद्ध सिरसा नाथ मंदिर, देवद्वार मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से ही पूजा करने वाले शिव भक्तों और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सबसे अधिक भीड़ सिरसा नाथ मंदिर में देखी गई। श्रद्धालु अहले सुबह से एक बजे तक भक्त कतार बद्ध होकर जल पुष्प अर्पित कर रहे थे। सिरसा नाथ मंदिर के आस पास पिकनिक मनाने वालों की काफी भीड़ उमड़ी।

इधर बारा पलासी से महज कुछ ही दूरी पर स्थित दुमका जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में सुमार तातलोई गर्म जल कुंड में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और पिकनिक मनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। तकरीबन सुबह पांच बजे से ही गर्म जल कुंड में डुबकी लगाने वालों का दौर शुरू हो गया जो शाम तक जारी रहा।

## सिलंगी, धुधापहाड़ी में बासलोई नदी किनारे पिकनिक मनाने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़



**गोपीकांदर ।** नववर्ष की पहली जनवरी बुधवार को गोपीकांदर प्रखंड अंतर्गत प्राकृतिक सौंदर्य के गोद में बसे ऐतिहासिक गांव सिलंगी, धुधापहाड़ी में बासलोई नदी किनारे पिकनिक मनाने के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। वोही प्रखंड मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर खरौनी बाजार पंचायत अंतर्गत तिरिपतिया नदी के किनारे घाघर में भी सैलानियों की भीड़ देखी गई। बताते चलें कि 25 दिसंबर के पूर्व से ही यहां सैलानियों की आना शुरू हो जाते है बता दें कि तिरिपतिया नदी पर घाघर में दस फीट वाटर फाल के काफी लिए प्रसिद्ध है। जहां ज्यादातर पश्चिम बंगाल, पाकुड़िया और महेशपुर आसपास क्षेत्रों के लोग पिकनिक मनाने के लिए आते हैं।

## आवासीय विद्यालय निर्माण में जमकर हो रही है अनियमितता

**संवाददाता**

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के सांपचला पंचायत के ठाड़ी गांव में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तहत बन रहे नेतरहाट के तर्ज पर आवासीय विद्यालय निर्माण में जमकर अनियमितता बरता जा रहा है। कार्य तीन महीने से प्रगति पर है। लेकिन कार्यस्थल पर प्राकलन का बोर्ड तक नहीं लगवाया गया है। लोकल नदियों से अवैध बालू का डंप कई स्थानों में कराया गया है। यहां लगभग एक सौ करोड़ रुपये की लागत से पंद्रह एकड़ भूभाग में स्कूल भवन,होस्टल, हेल्थ सेंटर,मल्टी पर्पस हाल,टीचर रेसिडेंस,प्रिंसीपल रेसिडेंस आदि बिल्डिंग बनना है। कार्य पूर्ण करने का अवधि दो साल है। कार्यकारी एजेंसी निरंजन राय प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। यहां भवन निर्माण कार्य के शुरुआत में ही अनियमितता बरता जा रहा है। जिसमें भवन के बीच मिट्टी भराव किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन का फर्स ऐसे में आने वाले समय में धंस सकता है। मिट्टी के स्थान पर बालू भराव करना चाहिए जो कि निर्माण कंपनी जैसे तैसे काम कर रही है। आस पास गांवों के मजदूरों से पूछने पर बताया कि काम नो घंटे से ऊपर कराकर मात्र तीन सौ रुपये दिया जा रहा है।



चहारदीवारी व भवनों में लगने वाला जंग लगा छड़ लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय जेई या एई कार्यस्थल की गड़बड़ियों को देखते नहीं है और न ही सुधार करने का निर्देश ही देते हैं। दीवालों का जोड़ाई के बाद पानी तक नहीं डालते हैं। इस संदर्भ में विभागीय कनीय अभियंता रजत कुमार से पूछने पर बताया कि इसमें हमारा कुछ नहीं है जो करेंगे कंपनी के जेई ही बता पाएंगे। जहां तक मिट्टी फिलिंग की बात है वह प्राकलन में है। प्राकलन का बोर्ड लगवाने की बात है तो कई बार बोला गया है लेकिन अभी तक नहीं लगाया तो हम क्या करें।

## संथाल हूल अखाड़ा ने खरसावां गोली कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

**रानीश्वर ।** अंग्रेजी नव वर्ष के दिन फर्स्ट जनवरी के दिन को शोक दिवस के रूप ने मनाया जिले के आदिवासियों का एक सामाजिक संगठन । संथाल हूल अखाड़ा की ओर से संथाल विद्रोह के समापन के मार्मिक इतिहास से जुड़ा दिगुली गांव के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल संथाल काटा पोखर में अखाड़ा के सदस्य रामधन मरांडी, अनूप हेम्ब्रम, सिमल हांसदा ,लालबाबू मुर्मू ,राशनाथ मुर्मू ,सुमि सोरेन ,सुमि हांसदा, मीरू हांसदा ,ढेना टुडू ,हुपनी हांसदा ने संथाल काटा पोखर में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया हैं । 1948 में वर्तमान झारखंड के सरायकेला - खरसावां जिला को ओडिशा राज्य सरकार



जबरन अपने राज्य में विलय करना चाह रहा था उस समय केंद्र ,बिहार एवं ओडिसा राज्य में कांग्रेस दल का सरकार था । बिलाय के विरोध में एकत्रित आदिवासियों का भीड़ के ऊपर ओडिसा राज्य के पुलिस बर्बाद अत्याचार कर तीस हजार से अधिक लोगों को गोली से छलनी कर दिया था। खरसावां के गोली कांड जलियांवाला हत्या कांड से भी बड़ा घटना था। कांग्रेस ने उस घटना को दबा दिया था । लोग आज भी फर्स्ट जनवरी के दिन शोक दिवस के रूप में मनाता है।